इस मौके नैशनल चेअरमैन नरेश मित्तल, जोन मुखी डा. वरिंदर जैन, सटेट कोआरडीनेटर अजे गरग, लुधिआना जिला कोआरडीनेटर गरदीप सिंघ पंनु, बलदेव सिंघ ढिलै, नवांशहिर-जलंधर जिला कोआरडीनेटर शमिंदर सिंघ गरचा (यु. के.), बखशीश सिंघ मान (यु. एस. ए.), मालेरकोटला जिला कोआरडीनेटर अशोक सिंगला, सीनीअर कोआरडीनेटर अनिल गुपता, सिखिआ कोआरडीनेटर संजीव सिंगला, धारमिक कोआरडीनेटर सरब शरमा, अवतार सिंघ अते समूह टरसटी मेंबरां ने विचार पेश कीते।

इस मौके कारजकारी प्रिंसीपल डा. हरजिंदर कौर, नवनीत कौर, बलराज सिंघ, सरबजीत सिंघ, नीरु गोइल, संदीप कौर, सुखबीर कौर, संदीप सिंघ ते रमनदीप कौर आदि हाजर सन।

MICRO FINANCE ACTIVITY

पंजाब केसरी SAT,30 MARCH 2024
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 4



कार्यक्रम में भाग लेते वक्ता एवं छात्र। (गेरा)

महिला सशक्तिकरण के लिए संयुक्त दायित्व समूह अति आवश्यक : पवन पराशर

बराड़ा, 29 मार्च (गेरा): वैश्विक सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके, भारतद्ध के तत्वाधान में जय पब्लिक स्कूल अधोई के परिसर में प्रांतीय समन्वयक पवन पराशर की अध्यक्षता में संयुक्त दायित्व समूह एवं मुद्रा लोन के सम्बध में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पराशर ने बताया कि ट्रस्ट के इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय लाभ आदि के विभिन्न ढगों से अवगत करवाना तथा उनके वित्तीय ज्ञान में अभिवृद्धि करना है।

कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विशेषज्ञ डा. बलवंत सिंह द्वारा वित्तीय साक्षरता में संयुक्त दायित्व समूह के मैंबर बनाने की जानकारी एवं मुद्रा लोन के बारे में विस्तार में बताया।

इसके साथ ही आधुनिक नैट बैंकिंग, बचत, ऋण एवं अनुदान संबंधी योजनाएं व आधुनिक बैंकिंग प्रणाली का उपयोग व महत्व को समझाया। इसके अतिरिक्त बैंक फ्रॉड, साइबर क्राइम से बचाव के विभिन्न उपाय भी बताए।

पवन पराशर ने ट्रस्ट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भविष्य में ट्रस्ट द्वारा लोगों को संयुक्त दायित्व समूह एवं मुद्रा लोन के संबन्ध में सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। संस्था द्वारा अपनी सह प्रायोजक कम्पनी डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से ऊर्जा वर्धक जूस किटें प्रदान की गई।

प्रधानाचार्य डा. नीलम जैन ने संस्था की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक आयोजन करने की आशा जताई। इस मौके पर मुख्य प्रशासक अमित रोहिल्ला, प्रिंस, नवनीत कौर, निर्मला, ऋतु कविता सहित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

हरिभूमि



कार्यक्रम में मौजूद उपस्थित प्रतिभागी। (छाया : रहमदीन)

महिला सशक्तिकरण हेतु संयुक्त दायित्व समूह अति आवश्यक : पवन पराशर

बराड़ा, 29 मार्च (रहमदीन): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के तत्वाधान में जय पब्लिक स्कूल अधोई के परिसर में प्रांतीय समन्वयक पवन पराशर की अध्यक्षता में संयुक्त दायित्व समूह एवं मुद्रा लोन के संबंध में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पराशर ने बताया कि ट्रस्ट के इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय लाभ आदि के विभिन्न ढंगों से अवगत करवाना तथा उनकी वित्तीय ज्ञान में अभिवृद्धि करना है। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विशेषज्ञ डॉ. बलवंत सिंह द्वारा वित्तीय साक्षरता में संयुक्त दायित्व समूह के मैंबर बनाने की जानकारी एवं मुद्रा लोन के बारे में विस्तार में बताया। साथ ही आधुनिक नेट-बैंकिंग, उपयोग व महत्व को समझाया। इसके अतिरिक्त बैंक फ्रॉड, साइबर क्राइम से बचाव के विभिन्न उपाय भी बताए। संस्था द्वारा अपनी सह-प्रायोजक डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से ऊर्जा वर्धक जूस किटें प्रदान की। प्रधानाचार्य डॉ. नीलम जैन ने संस्था का आभार जताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक आयोजन करने की आशा जताई। इस मौके पर मुख्य प्रशासक अमित रोहिल्ला, प्रिंस, नवनीत कौर, निर्मला, ऋतु, कविता सहित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

Seva Trust UK (India) organizes program regarding JLG and Mudra loan



DALBIR MALIK

KURUKSHETRA: The Seva Trust UK India organized a program regarding Joint Liability Group (JLG) and Mudra Loan at Government Model Culture School, Dhulgarh Guldehra on Friday. On this occasion, Seema Rani, Assistant Bank Manager of Union Bank of India, Joint Liability Group (JLG) explained in detail about Mudra Loan. In the program, District Coordinator of Seva Trust UK India, Pawan Mittal gave detailed information about the Trust and told how this facility would be made available to the people in future so that more and more people could be connected to banking and avail the services provided by the bank. So that the benefits can reach the common people He thanked Assistant Bank Manager Seema Rani and all the villagers present there for coming to this program and said that such programs would be organized in future also by the Trust. Randhir Singh, Sohan Lal, Panni Devi, Neetu Rani, Poonam, Babli Devi were present on this occasion.

मुद्रा लोन के बार में दी विस्तार से जानकारी



मुद्रा लोन के बारे में जानकारी देती सहायक बैंक मैनेजर सीमा रानी ● सौ. ट्रस्ट

जासं, कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से संयुक्त दायित्व समूह (जेएलजी) एवं मुद्रा लोन के संबंध में राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक आफ इंडिया के सहायक बैंक मैनेजर सीमा रानी ने संयुक्त दायित्व समूह के मेंबर बनाने की जानकारी एवं मुद्रा लोन के बारे में विस्तार में बताया। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने ट्रस्ट की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भविष्य में लोगों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिग से जोड़ा जा सके और बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का फायदा आमजन तक पहुंच सके।

ENTREPRENEUR DEVELOPMENT ACTIVITY

नो दिवसीय उषा सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ





ऑस्कर न्यूज लाईन (झज्जर) प्रख्यात सिलाई मशीन निमार्ता उषा कंपनी के द्वारा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के तत्वाधान में शहर के कृष्ण भवन यादव धर्मशाला में नौ दिवसीय आवासीय स्वावलंबन सिलाई स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु जिले भर से पन्द्रह जरूरतमंद महिलाओं का चयन किया गया था, जिन्हें उषा कम्पनी के द्वारा मुफ्त सिलाई मशीन के साथ-साथ नो दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा सर्टिफाइड ट्रेनर का सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा । कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला समन्वयक मनजीत ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में जहां मुख्य अतिथि के रूप में यादव महासभा के जिला प्रधान वीरेंद्र दरोगा उपस्थित रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जाने-माने शिक्षाविद एस एच यादव ने की । वीरेंद्र दरोगा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है । यदि इन महिलाओं को मजबूत बना दिया जाए तो राष्ट्र अपने आप मजबूत हो जाता है । इसके पश्चात कार्यक्रम के दूसरे सत्र में उषा कंपनी के राज्य कोऑर्डिनेटर हरीश त्रिपाठी उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को स्वावलंबी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हुनर इमरजेंसी के समय में हमारा सबसे बड़ा हथियार बनाकर खड़ा होता है । उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि दुनिया भर में बहुत सारी ऐसी महिलाएं हैं जिन्होंने अपने हुनर को अपनी पहचान बनाई और बाद में खुद तो स्वावलंबी बनी ही मगर अपने परिवार को भी आर्थिक मजबूती प्रदान की । प्रशिक्षण के पहले दिन ट्रेनर के द्वारा मशीन को जोड़ना , खोलना तथा मशीन की तकनीकी बारीकियां सिखाई गई।

महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार बनाने के लिए दिया सिलाई प्रशिक्षण

नौ दिवसीय सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न,मुफ्त दी गई सिलाई मशीन

भास्कर न्यूज | झज्जर

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शहर में चल रहा नौ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को समाप्त हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कानूनी साक्षरता प्राधिकरण के सचिव अरविंद बंसल रहे, वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि यादव महासभा के प्रधान वीरेंद्र दरोगा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट से पूनम देशवाल ने की। सीजेएम अरविंद बंसल ने महिलाओं को बताया कि आज के कंपटीशन के दौर में आपको अपने हुनर को और भी बेहतर करना पड़ेगा। आजकल सभी को फैशन की चीजें पसंद हैं तो आपको फैशनेबल चीजें बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि सिलाई मशीन कंपनी के स्टेट हेड हरीश त्रिपाठी उपस्थित रहे। वहीं मास्टर ट्रेनर सीमा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला समन्वयक मनजीत एवं कार्यक्रम की संयोजिका पूनम देशवाल, विकास कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग कोर्स प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीन के अलावा सम्मान चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया । इस मौके पर मनजीत सिंह, राकेश गूलिया, संदीप, प्रीति, तरुण, मुकेश मौजूद रहे।



महिलाओं ने बनाए गए कपड़ों का अवलोकन करते सीजेएम अरविंद बंसल।

CAREER COUNSELLING ACTIVITY

पंजाब केसरी
TUE,06 FEBRUARY 2024
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 4

शिक्षा मनुष्य और समाज के विकास व प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है : पवन पराशर



कार्यक्रम में भाग लेते वक्ता एवं विद्यार्थीगण। (गेरा)

कहा: नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई, नशे की लत से बचें

बराड़ा, 5 फरवरी (गेरा): गांव आधोई में स्थित जय पब्लिक स्कूल गुरुकुल के परिसर में वैश्विक सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके भारत के तत्वाधान में सोमवार को एक व्यक्तित्व एवं व्यवसायिक मार्गदर्शन संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांतीय समन्वयक पवन पराशर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पवन पराशर ने बताया कि शिक्षा मनुष्य और समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा को गम्भीरता से ग्रहण कर अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को नशे के व्यसन से बचने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है। हमें स्वयं नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अच्छा साहित्य पढ़ने और महापुरुषों के जीवन के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए।

प्रधानाचार्या डा. नीलम जैन ने कहा कि ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को विभिन्न विषय वस्तु की संपूर्ण जानकारी मिलती है, जो उनके भावी जीवन में काम आती है।

वहीं, गणतंत्र दिवस पर आयोजित खंड स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अन्य स्टाफसदस्यों को सेवा ट्रस्ट यूके ने अपनी सह प्रायोजक डाबर कम्पनी के सौजन्य से ऊर्जावर्धक विभिन्न जूस किट उपहार स्वरूप भेंट किए।

इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अमित रोहिला, बलराम सिंह, लिपिक प्रिंस, नवनीत कौर, राहुल व हिमांशु आदि शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

Rohtak Kesari
Feb 22, 2024 (IST)
पंजाब केसरी



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य।

करियर के तनाव के चलते युवा ले रहे नशे का सहारा :अनिल दलाल

संस्था सेवा ट्रस्ट व आईवीएफ ने 150 बच्चों को किया जागरूक

रोहतक, 21 फरवरी (मैनपाल) : सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया और इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलाव में विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया।विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था आईवीएफ़ व छारा पंचायत सदस्य अनिल दलाल ने बताया कि आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ मे समस्याएं सामने आ रही हैं। हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हैं। चूंकि युवावस्था में कैरियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है।

वहीं, संस्था सेवा ट्रस्ट से मास्टर प्रदीप दलाल ने बताया कि नशे की लत इतनी ज्यादा खतरनाक है कि कई बार लोग इसके अति सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या तक कर डालते हैं। उन्होंने सभी बच्चों को अपनी संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की।सामाजिक कार्यकर्ता पूनम देशवाल ने सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वीरेंद्र , दिनेश, सुमन, सीमा, अजय देसवाल, रीना, प्रकाश कौर आदि मौजूद रहें।

Ambala Kesari
Jan 30, 2024 (IST)
पंजाब केसरी

मनुष्य एवं समाज की प्रगति के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण : हेमलता



सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) की टीम को पौधे भेंट करते राजकीय उच्च विद्यालय मानकपुर के इंचार्ज सर्वजीत सैनी। (संजय)

अम्बाला, 29 जनवरी (बलराम): प्रधानमंत्री के विशेष कार्यक्रम 'परीक्षा पर चर्चा' के बाद सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) की टीम द्वारा सोमवार को राजकीय उच्च विद्यालय मानकपुर में विद्यार्थियों की शिक्षा और करियर संबंधित काउंसलिंग की गई।इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट के स्टेट को-ऑर्डिनेटर पवन पराशर ने शिरकत की।

जिला को-ऑर्डिनेटर हेमलता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य एवं समाज दोनों की प्रगति के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक उद्धार में मदद करती है।

इंचार्ज सर्वजीत सैनी ने ट्रस्ट के सदस्यों को उपहार स्वरूप पौधे भेंट किए और ट्रस्ट के सदस्यों ने भी डाबर इंडिया के सौजन्य से सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अन्य स्टाफ सदस्यों को ऊर्जावर्धक जूस उपहार स्वरूप वितरित किए गए। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह, मीनाक्षी शर्मा और गुरजीत कौर आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर संगरूर भास्कर 16-02-2024

तनाव दूर रखने के लिए 18 सरकारी स्कूलों में सेमिनार करवाए, बच्चों को समझाया

परीक्षा को गंभीर चुनौती न समझें, लक्ष्य करें निर्धारित

भास्कर न्यूज | मालेरकोटला

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के संस्थापक एनआरआई चरणकंवल सेखों, राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, जोन हेड डॉ. वरिंदर जैन, स्टेट कोआर्डिनेटर अजय गर्ग की अगुवाई में नशे से बचाव और परीक्षा में तनाव दूर रखने के लिए 18 सरकारी स्कूलों में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा कोआर्डिनेटर संजीव सिंगला ने कहा कि परीक्षा के समय में छात्र मानसिक तनाव के कारण पेपर को बोझ समझते हैं जबकि परीक्षा को गंभीर चुनौती समझने की बजाए तनाव के बिना जीवन का लक्ष्य तय करने वाली आसान प्रक्रिया को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपना लक्ष्य तय कर काम करेंगे तो हमें कोई परेशानी नहीं होगी। इस मौके सीनियर कोआर्डिनेटर अशोक सिंगला, अनिल गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही विकास, जमीर, नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी, सद्भावना के महत्व को जीवन में धारण करवाती है क्योंकि पढ़े लिखे लोग अच्छे समाज के निर्माण व सामाजिक समस्याओं को हल करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शांत मन के साथ पढ़ाई करने की बजाए फेल होने के डर कारण खुदकुशी का रास्ता चुनने वाले सामाजिक कलंक बनते हैं। इस मौके डॉ. वरिंदर जैन ने सेहत-दिमाग को तंदुरुस्त रखने के लिए परीक्षा की तैयारी दौरान पौष्टिक आहार की आदत अपनाने की सलाह दी। इस मौके धार्मिक कोआर्डिनेटर सौरभ शर्मा व अवतार सिंह ने बताया कि डाबर इंडिया के सहयोग से सरकारी स्कूलों में बच्चों को 8 लाख रुपए का जूस भेंट किया गया।



मालेरकोटला में स्कूल के बच्चों को जूस की बोतलें वितरित करते सेवा ट्रस्ट के सदस्य।

अज्ज दी आवाज़ epaper.ajdiawaaz.in
16 Feb 2024 - Page 8

ਲੁਧਿਆਣਾ

ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂਕੇ ਨੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਪ੍ਰੀਖਿਆਵਾਂ ਵਿੱਚ ਤਣਾਅ ਮੁਕਤ ਪੜ੍ਹਾਈ ਦੇ ਦਿੱਤੇ ਟਿਪਸ

2560 ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ 8 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀਆਂ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟਾਂ ਭੇਟ



ਅਹਿਮਦਗੜ੍ਹ • ਰੁਪੀ ਰਛੀਨ

ਸਮਾਜਸੇਵੀ ਸੰਸਥਾ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ.ਕੇ (ਭਾਰਤ) ਨੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਐਨ.ਆਰ.ਆਈ ਚਰਨ ਕੰਵਲ ਸੇਖੋਂ, ਨੈਸ਼ਨਲ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ, ਜ਼ੋਨ ਹੈੱਡ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ, ਸਟੇਟ ਕੁਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਜੇ ਗਰਗ ਦੀ ਅਗੁਵਾਈ 'ਚ ਨਸ਼ਿਆਂ ਤੋਂ ਬਚਾਅ-ਪ੍ਰੀਖਿਆਵਾਂ ਵਿੱਚ ਤਣਾਅ ਦੂਰ ਰੱਖਣ ਲਈ 18 ਸਰਕਾਰੀ ਸਕੂਲਾਂ 'ਚ 7 ਰੋਜ਼ਾ ਸੈਮੀਨਾਰ ਕਰਵਾਏ। ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਸਿੱਖਿਆ ਕੁਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸੰਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪ੍ਰੀਖਿਆਵਾਂ ਦੇ ਸਮੇਂ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਮਾਨਸਿਕ ਤਣਾਅ ਕਾਰਨ ਪੇਪਰ ਨੂੰ ਬੋਝ ਸਮਝਦੇ ਹਨ। ਜਦ ਕਿ ਇਮਤਿਹਾਨ ਨੂੰ ਗੰਭੀਰ ਚੁਣੌਤੀ ਸਮਝਣ ਦੀ ਬਜਾਏ ਤਣਾਅ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਜੀਵਨ ਦਾ ਟਿੱਚਾ ਮਿੱਥਣ ਵਾਲੀ ਆਸਾਨ ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ ਨੂੰ ਸਮਝਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੀਨੀਅਰ ਕੁਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ-ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਿੱਖਿਆ ਹੀ ਵਿਕਾਸ, ਜ਼ਮੀਰ, ਨੈਤਿਕ ਕਦਰਾਂ-ਕੀਮਤਾਂ, ਸਮਾਜਿਕ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀਆਂ, ਸਦਭਾਵਨਾ ਦੀ ਮਹੱਤਤਾ ਨੂੰ ਜੀਵਨ ਵਿੱਚ ਧਾਰਨ ਕਰਵਾਦੀ ਹੈ, ਕਿਉਂਕਿ ਪੜ੍ਹੇ-ਲਿਖੇ ਲੋਕ ਸਮਾਜ ਦੀ ਚੰਗੀ ਉਸਾਰੀ-ਸਮੱਸਿਆਵਾਂ ਨੂੰ ਹੱਲ ਕਰਨ ਵਿਚ ਅਹਿਮ ਭੂਮਿਕਾ ਨਿਭਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਉਨ ਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸ਼ਾਂਤ ਮਨ ਨਾਲ ਪੜ ਾਈ ਕਰਨ ਦੀ ਬਜਾਏ ਫੇਲ ਹੋਣ ਦੇ ਡਰ ਕਾਰਨ ਖੁਦਕੁਸ਼ੀ ਦਾ ਰਾਹ ਚੁਣਨ ਨਾਲੇ ਸਮਾਜਿਕ ਕਲੰਕ ਦਾ ਕਾਰਣ ਬਣਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਅਧਿਆਪਕਾਂ ਵੀ ਨੈਤਿਕ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨਾਲ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਆਤਮ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਵਾਲੇ ਅਧਿਐਨ ਦੀਆਂ ਆਸਾਨ ਤਕਨੀਕਾਂ ਦੇ ਨੁਸਖ਼ਿਆਂ ਬਾਰੇ ਜਾਣੂ ਕਰਵਾਓਣ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਡਾ.ਵਰਿਦਰ ਜੈਨ ਨੇ ਸਿਹਤ-ਦਿਮਾਗ਼ ਨੂੰ ਤੰਦਰੁਸਤ ਰਖਣ ਲਈ ਪ੍ਰੀਖਿਆ ਦੀ ਤਿਆਰੀ-ਪੌਸ਼ਟਿਕ ਆਹਾਰ ਦੀਆਂ ਆਦਤਾਂ ਅਪਣਾਉਣ ਦੀ ਸਲਾਹ ਦਿੱਤੀ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਧਾਰਮਿਕ ਕੁਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸੌਰਭ ਸ਼ਰਮਾ-ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਦਸਿਆ ਕਿ ਸਹਿ-ਪ੍ਰਯੋਜਕ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਟਿਡ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ-ਮਿਡਲ ਸਕੂਲ ਮਦੇਵੀ ਵਿੱਚ 136, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਰਵਿਦਾਸ ਨਗਰ ਵਿੱਚ 267, ਸਰਕਾਰੀ ਸੀਨੀਅਰ ਸੈਕੰਡਰੀ ਸਕੂਲ ਦਿੱਲੀ ਗੇਟ ਵਿੱਚ 245, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਲੋਹਾ ਬਾਜ਼ਾਰ ਵਿੱਚ 159, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਉੱਪਲ ਖੇੜੀ ਵਿੱਚ 187, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਨਵਾਬਗੰਜ ਵਿੱਚ 259, ਸਰਕਾਰੀ ਮਿਡਲ-ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਮਹਿਬੂਬਪੁਰਾ ਵਿੱਚ 166, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਸ਼ੇਰਵਾਨੀਕੋਟ ਵਿੱਚ 129, ਸਰਕਾਰੀ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਬਨਭੌਰੀ ਵਿੱਚ 97, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਭੈਣੀ ਖੁਰਦ ਵਿੱਚ 31 ਬੱਚਿਆ ਨੂੰ ਕਰੀਬ 8 ਲੱਖ ਰੁਪੈ ਦੀ ਜੂਸ ਪੈਕਿੰਗਾਂ ਭੇਂਟ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ।

CULTURAL PRESERVATION & PROMOTION ACTIVITY

मार्शल आर्ट गतका प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

शुभम मुलाना

बराड़ा। वैश्विक सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) एवं उषा इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्र के गांव खान अहमदपुर के ब्राइट फ्यूचर अकेडमी परिसर में पारंपरिक खेलो को प्रोत्साहित करने के लिए एक गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने की तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंग्लैंड से आए हुए शमिंदर सिंह गरचा और उषा इंटरनेशनल के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहन लाल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहन सिंह कंडोला, दिलबाग सिंह, अवतार सिंह, देव थिंड और धीन गाँव से एशियाई खेलो में गोल्ड मेडल विजेता सर्वजीत सिंह के पिता जितेन्द्र सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अरदास के साथ हुई। आये हुए सभी अतिथियों का ब्राइट फ्यूचर अकादमी के प्रबंधक प्रीतपाल सिंह और स्टाफ सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि शमिंदर सिंह गरचा ने बताया कि धर्म की रक्षा व उस समय मुगलों द्वारा हिन्दुओं पर किये जा रहे अत्याचारों के खिलाफ जो मार्शल फौज गुरू हरगोबिंद सिंह जी ने तैयार की थी वह अब गतका यानी सिख मार्शल आर्ट कला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में इस कला को सीखने और गुरुओं के बताए हुए पद चिन्हों पर चलने को प्रेरित करना है। प्रांतीय समन्वयक पवन पराशर ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आये गतका टीमों को तीन विभिन्न श्रेणियां में विभाजित कर करवाई गई इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ब्राइट फ्यूचर ए आई आई, अकाल अकैडमी बराड़ा, दशमेश गतका अखाड़ा यमुनानगर, मीरी पीरी सिख आर्ट अकैडमी अंबाला, द्वितीय स्थान अकाल अकैडमी बराड़ा, दशमेश गतका अखाड़ा, भाई जस्सा सिंह आहलुवालिया अखाड़ा खोडवा कलां और तृतीय स्थान गुरु ग्रंथ साहिब सेवा ट्रस्ट, भाई जस्सा सिंह आहलुवालिया अखाड़ा, अकाल अकैडमी बराड़ा, दशमेश गतका अखाड़ा यमुनानगर ने प्राप्त किया। सभी विजेता टीमो को ट्राफी, मैडल, प्रशस्ति-पत्र, टी-शर्ट तथा सह-प्रायोजक कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी विद्यार्थियो, अध्यापको व अतिथियों को डाबर का इम्युनिटी बूस्टर गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप भेट किया गया। कार्यक्रम में हेमलता, विकास मित्तल, रसपिन्द्र सिंह, वागीश शर्मा, राकेश वोहरा, आदित्य जैन, ललित, वीरेंद्र सिंह, डॉ. बलवंत सिंह, हरविंदर छाबड़ा, पवन मित्तल, सुमंत सैनी, विजय, पवन धीमान, राजेश मंगल, राजेश सेन, योगेश गर्ग, विक्की सैनी आदि सेवा ट्रस्ट के सदस्यगण उपस्थित रहे।



विजेता टीमों को सम्मानित करते मुख्यातिथि। आज समाज

दैनिक भास्कर

अम्बाला भास्कर 30-10

सिख मार्शल आर्ट • बच्चों में इस कला को सीखने व गुरुओं के बताए पदचिह्नों पर च

पौराणिक खेलों को प्रोत्साहित करने के
ट्रस्ट यूके व उषा प्ले ने कराई गतका प्र

भास्कर न्यूज | बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके व उषा प्ले ने ब्राइट फ्यूचर एआईआई खान अहमदपुर अम्बाला में पौराणिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गतका प्रतियोगिता कराई। इसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने की। मुख्यातिथि इंग्लैंड से आए हुए शमिंदर सिंह गरचा और उषा इंटरनेशनल के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहन लाल थे। विशिष्ट अतिथि मोहन सिंह कंडोला, दिलबाग सिंह, अवतार सिंह, देव थिंड और धीन गांव से एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल विजेता सर्वजीत सिंह के पिता जितेंद्र सिंह थे। कार्यक्रम की शुरुआत अरदास के साथ हुई। अतिथियों का ब्राइट फ्यूचर अकादमी के प्रबंधक प्रीतपाल सिंह और स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया।



बराड़ा | विजेता खिलाड़ियों का सम्मानित करते सदस्य।

मुख्यातिथि शमिंदर सिंह ने बताया कि धर्म की रक्षा व उस समय मुगलों द्वारा हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचारों के खिलाफ जो मार्शल फौज गुरु हरगोबिंद सिंह ने तैयार की थी, वह अब गतका यानी सिख मार्शल आर्ट कला बन चुकी है। इस तहत कार्यक्रम करवाने का उद्देश्य बच्चों में इस कला को सीखने और गुरुओं के बताए हुए पदचिह्नों पर चलने को प्रेरित करना है। सेवा ट्रस्ट यूके ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व

3 श्रेणियों में करवाई ग

स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पराशर ने
स्थानों से आए गतका दलों ने उत्सा
करवाई गई प्रतियोगिता में प्रथम स्था
एकेडमी बराड़ा, दशमेश गतका अ
एकेडमी अम्बाला, द्वितीय स्थान अ
अखाड़ा, भाई जस्सा सिंह आहलुव
तृतीय स्थान गुरु ग्रंथ साहिब सेवा ट्र
अखाड़ा, अकाल एकेडमी बराड़ा,
प्राप्त किया। विजेता टीमों को ट्रॉफी
के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लि
गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया।

अतिथियों को डाबर का इम्युनि
बूस्टर गिफ्ट पैक उपहार दि
कार्यक्रम में उषा सिलाई स्कूल
महिलाएं और अम्बाला से जि
कोऑर्डिनेटर हेमलता, विका
मित्तल, रसपिंद्र सिंह, वागीश श

SKILL DEVELOPMENT ACTIVITY

पंजाब केसरी
MON,08 MAY 2023
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 3

बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए : मित्तल

साहा, 7 मई (चौटानी): सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड के सहयोग से चल रहे नि:शुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में बच्चों को कम्प्यूटर ट्रेनिंग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट चेयरमैन नरेश मित्तल केसरी ने बताया कि इस डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में आधुनिक तकनीक युक्त 10 कम्प्यूटर हैं, इस सैंटर में सिर्फ लड़कियों को ही नि:शुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग व कैरियर सम्बंधित जानकारी दी जाती है।

उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है। ताकि हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस अवसर पर ई-लर्निंग सैंटर की अध्यापक पूनम, काजल, आरती देवी, सुखजीत कौर, महक, नेहा देवी, मुस्कान, कमलजीत कौर, दिशा और जस्तार केसरी मौजूद रहे।



बच्चों को कम्प्यूटर ट्रेनिंग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। (चौटानी)



बराड़ा : लड़कियों को प्रमाण पत्र देते हुए नरेश मित्तल। (छाया : रहमदीन)

कम्प्यूटर कोर्स पूरा करने वाली लड़कियों को सर्टिफिकेट वितरित

बराड़ा, 7 मई (रहमदीन): सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड के सहयोग से चल रहे निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में बच्चों को कम्प्यूटर ट्रैनिंग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट चेयरमैन नरेश मित्तल केसरी ने बताया कि इस डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में आधुनिक तकनीक युक्त 10 कम्प्यूटर हैं, इस सैंटर में सिर्फ लडकियों को ही निशुल्क कम्प्यूटर ट्रैनिंग व कैरियर सम्बन्धित जानकारी दी जाती है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है ताकि हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस अवसर पर ई-लर्निंग सैंटर की अध्यापक पूनम, काजल, आरती देवी, सुखजीत कौर, महक, नेहा देवी, मुस्कान, कमलजीत कौर, दिशा और जस्तार केसरी मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
08-May-2023
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20230508/27/9/1_1.cms

केसरी के डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में बच्चों को दी गई करियर संबंधी जानकारी

अम्बाला, 13 सितम्बर (बलराम): एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीडकनाडा व सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में गांव केसरी में चल रहे नि:शुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में बच्चों को करियर संबंधी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने की।

इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए एनलाइट किड्स के प्रतिनिधि गुरमीत पुनिया ने कहा कि बच्चों को एक लक्ष्य जरूर निर्धारित करना चाहिए कि उन्हें जीवन में क्या बनना है, ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें। इस मौके पर सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि इस सैंटर में सिर्फ लड़कियों को ही नि:शुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग व करियर संबंधित जानकारी दी जाती है।

इस सैंटर में 45 लड़कियां टाइपिंग प्रशिक्षण ले रही हैं। काऊंसलिंग के बाद ट्रस्ट ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी बच्चों को डाबर का इम्यूनिटी बूस्टर गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप दिया। इस अवसर पर ई-लर्निंग सैंटर की अध्यापक पूनम, सुरिन्द्र पाल और जस्तार केसरी आदि मौजूद रहे।



केसरी में नि:शुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में बच्चों को करियर संबंधी जानकारी देने पहुंचे सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल और एनलाइट किड्स के प्रतिनिधि गुरमीत पुनिया।

CHILDREN IN NEEDS CAMP

ਜਨ ਬਾਣੀ ਸੰਗਰੂਰ/ਬਰਨਾਲਾ
FRI,25 AUGUST 2023
EDITION: SANGRUR BANI, PAGE NO. 3

ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਜੀ ਦੀ ਬਰਸੀ ਮੌਕੇ 501 ਪੌਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦਾ ਸਨਮਾਨ

ਡਾਬਰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ-ਰੱਖੜੀਆਂ-ਬੂਟੇ ਭੇਟ ਕਰ ਕੇ ਪੜ੍ਹਾਈ ਪ੍ਰਤੀ ਵਧਾਇਆ ਉਤਸ਼ਾਹ

ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ, 24 ਅਗਸਤ (ਜ਼ਹੂਰ/ਵਰਿੰਦਰ)-ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਗਰੁੱਪ ਦੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਰਾਇਣ ਜੀ ਦੀ 42ਵੀਂ ਬਰਸੀ ਮੌਕੇ ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ ਸ਼੍ਰੀ ਵਿਜੇ ਚੋਪੜਾ ਜੀ ਦੀ ਹਾਜ਼ਰੀ 'ਚ ਸੰਯੁਕਤ ਮੈਨੇਜਿੰਗ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਸ਼੍ਰੀ ਅਵਿਨਾਸ਼ ਚੋਪੜਾ ਤੇ ਅਮਿਤ ਚੋਪੜਾ ਜੀ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਪ੍ਰਤੀਨਿਧੀ ਵਰਿੰਦਰ ਸੈਨ ਨੇ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਉਪਰਾਲੇ ਨਾਲ 'ਬੇਟੀ ਪੜ੍ਹਾਓ-ਬੇਟੀ ਬਚਾਓ' ਅਤੇ 'ਹੱਸਦੀਆਂ ਧੀਆਂ-ਖੁਸ਼ਹਾਲ ਸਮਾਜ' ਤਹਿਤ ਪੇਂਡੂ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ 501 ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕੀਤਾ। ਉੱਥੇ ਹੀ 26 ਅਗਸਤ ਨੂੰ ਬਰਨਾਲਾ, 27 ਅਗਸਤ ਨੂੰ ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ-ਅਮਰਗੜ੍ਹ, 9 ਸਤੰਬਰ ਨੂੰ ਅੰਬਾਲਾ-ਕੁਰੂਕਸ਼ੇਤਰ, ਕੈਥਲ-ਪਾਣੀਪਤ-ਸੋਨੀਪਤ-ਰੋਹਤਕ ਆਦਿ ਦੇ ਖੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪਾਂ 'ਚ ਖੂਨਦਾਨੀਆਂ ਨੂੰ ਡਾਬਰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟ ਨਾਲ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਜੂਸ-ਚਾਕਲੇਟ ਦੁੱਧ ਦਾ ਭੰਡਾਰਾ ਲੱਗੇਗਾ।

ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ 3 ਸਤੰਬਰ ਨੂੰ ਪਟਿਆਲਾ, 9 ਸਤੰਬਰ ਨੂੰ ਧੂਰੀ ਦੇ ਕੈਂਪ 'ਚ ਖੂਨਦਾਨੀਆਂ ਨੂੰ ਡਾਬਰ ਮੰਗੋ ਜੂਸ ਭੇਟ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਜੂਸ ਦਾ ਲੰਗਰ ਚੱਲੇਗਾ। ਜਿਸ 'ਚ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ. ਕੇ. (ਇੰਡੀਆ) ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ, ਜ਼ੋਨਲ ਹੈੱਡ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ, ਸਟੇਟ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਜੇ ਗਰਗ, ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸੰਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ, ਸੀਨੀਅਰ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ, ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ, ਸੇਰਭ ਸ਼ਰਮਾ, ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ, ਗੌਰਵ ਜੈਨ, ਰੋਹਿਤ ਸ਼ਰਮਾ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ 'ਤੰਦਰੁਸਤ ਭਾਰਤ-ਸਿਹਤਮੰਦ ਭਾਈਚਾਰਾ' ਮੁਹਿੰਮ ਚਲਾਈ ਗਈ।

ਸਹਿ-ਪ੍ਰਯੋਜਕ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਟਿਡ ਦੇ ਸਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਨਾਲ ਜਿਸ ਤਹਿਤ ਸਰਕਾਰੀ ਸੀਨੀਅਰ ਸੈਕੰਡਰੀ ਸਕੂਲ ਪਿੰਡ ਗਵਾਰਾ ਵਿਖੇ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਮਨਜੀਤ ਸਿੰਘ ਰਾਹੀਂ 136 ਵਿਦਿਆਰਥਣਾਂ, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਗਵਾਰਾ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਮਨਦੀਪ ਕੁਮਾਰ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 79 ਬੱਚਿਆਂ, ਸਰਕਾਰੀ ਸੀਨੀਅਰ ਸੈਕੰਡਰੀ ਸਕੂਲ ਖਾਨਪੁਰ 'ਚ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਸੁਧੀਰ ਕੁਮਾਰ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 115 ਬੱਚਿਆਂ, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਬਾਲੇਵਾਲ ਵਿੱਚ ਹੈੱਡ ਟੀਚਰ ਨੀਲਮ ਸਿੰਗਲਾ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 36 ਬੱਚਿਆਂ, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਫਲੋਡ ਖੁਰਦ 'ਚ ਮੁੱਖ ਅਧਿਆਪਕਾ ਮਮਤਾ ਵਰਮਾ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 61 ਬੱਚਿਆਂ, ਸਰਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਭੋਗੀਵਾਲ ਵਿਖੇ ਮੁੱਖ ਅਧਿਆਪਕਾ ਜਸਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 74 ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਡਾਬਰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਭੇਟ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਜਿਸ 'ਚ 1.25 ਲਿਟਰ ਮੰਗੋ ਦਾ ਜੂਸ, ਵੀਟਾ ਚਾਕਲੇਟ ਮਿਲਕ ਪਾਊਡਰ, ਨਾਰੀਅਲ-ਐਲੋਵੇਰਾ-ਨਿੰਬੂ ਮਿਕਸ ਜੂਸ, ਬਬੂਲ ਦਾ ਪੇਸਟ, ਬੁਰਸ਼, ਰੰਗ, ਮੰਗੋ ਜੂਸ, ਹਮਮੈਲਾ ਆਦਿ ਨਾਲ ਸਬੰਧਤ 2.5 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਉਤਪਾਦ ਮੁਫਤ ਦੇ ਕੇ ਚੰਗੀ ਪੜ੍ਹਾਈ ਕਰਨ ਲਈ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਕੀਤਾ, ਉੱਥੇ ਹੀ ਵਿਸ਼ਵ ਸ਼ਕਤੀ ਪਾਈਪ ਦੇ ਐੱਮ. ਡੀ. ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ, ਕਪਿਲ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ ਵੀ ਸਕੂਲਾਂ 'ਚ 101 ਛਾਂਦਾਰ ਬੂਟੇ ਲਾਏ ਅਤੇ ਵਿਦਿਆਰਥਣਾਂ ਨੂੰ ਆਕਰਸ਼ਕ ਰੱਖੜੀਆਂ ਵੰਡ ਕੇ ਤਿਉਹਾਰਾਂ ਨੂੰ ਉਤਸ਼ਾਹ ਨਾਲ ਮਨਾਉਣ ਦੀ ਮਹੱਤਤਾ ਬਾਰੇ ਦੱਸਿਆ।



ਵੱਖ-ਵੱਖ ਥਾਵਾਂ 'ਤੇ ਸੇਵਾ ਕਰਦੇ ਮੈਂਬਰ। (ਜ਼ਹੂਰ)



ਮਾਲੇਰਕਟੋਲਾ : ਬੂਟੇ ਲਾਉਂਦੇ ਮੈਂਬਰ। (ਜ਼ਹੂਰ)

ਜੀਵਨ 'ਚੋਂ ਅਸੰਭਵ ਸ਼ਬਦ ਕੱਢੋ : ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ

ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਵਰਗ ਜਾਂ ਪੁਨਰ ਜਨਮ ਦੀ ਕੋਈ ਇੱਛਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ, ਸਗੋਂ ਦੂਜਿਆਂ ਦੇ ਜ਼ਖ਼ਮਾਂ 'ਤੇ ਮਲ੍ਹਮ ਲਾਉਣਾ ਹੀ ਮੁੱਖ ਉਦੇਸ਼ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿੰਦਗੀ 'ਚੋਂ 'ਅਸੰਭਵ' ਸ਼ਬਦ ਨੂੰ ਹਟਾ ਕੇ 'ਸੰਭਵ' ਸ਼ਬਦ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਮਨੁੱਖਤਾ ਦੀ ਸ਼ਾਂਤੀ ਅਤੇ ਬਰਾਬਰੀ ਲਈ ਹਰੇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਬਰਾਬਰ ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨਿਭਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਹਨ ਭਾਰਤ ਦੀ ਕਿਸਮਤ ਦੇ ਨਿਰਮਾਤਾ

ਅਜੇ ਕੁਮਾਰ ਗਰਗ, ਸਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਭੁੱਗੀ-ਝੰਪੜੀਆਂ, ਸਰਕਾਰੀ ਅਦਾਰਿਆਂ, ਪੇਂਡੂ ਖੇਤਰਾਂ 'ਚ ਪੜ੍ਹਦੇ ਬੱਚਿਆਂ 'ਚ ਪ੍ਰਤਿਭਾ ਦੀ ਕੋਈ ਕਮੀ ਨਹੀਂ ਹੈ, ਸਗੋਂ ਹੁਨਰਮੰਦ ਅਧਿਆਪਕ, ਜਨ-ਮਨ, ਸਿਰਜਣਾਤਮਕਤਾ, ਬੱਚਿਆਂ ਦਾ ਸੁਨਹਿਰੀ ਭਵਿੱਖ, ਸਰਵਪੱਖੀ ਵਿਕਾਸ ਲਈ ਪੜ੍ਹਨ ਸਮੱਗਰੀ, ਹੁਨਰ ਵਿਕਾਸ, ਵਿੱਤੀ ਮਦਦ ਹੀ ਭਾਰਤ ਦੀ ਕੁਸ਼ਲ ਕਿਸਮਤ ਨਿਰਮਾਤਾ ਬਣਾਉਂਦੇ ਹਨ।

ਦੇਸ਼ ਤੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸੇਵਾ ਜ਼ਰੂਰੀ

ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜਦੋਂ ਵੀ ਮਨੁੱਖ ਦਾ ਮਨ ਪ੍ਰਮਾਤਮਾ ਦੀ ਭਗਤੀ-ਸਭ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਲਈ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੀਵਨ 'ਚ ਆਨੰਦ ਅਤੇ ਖੁਸ਼ੀਆਂ ਦਾ ਨਿਵਾਸ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਇਸ ਲਈ ਆਪਸੀ ਪਿਆਰ ਨਾਲ ਦੇਸ਼ ਅਤੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸੇਵਾ ਨੂੰ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਬਣਾਓ।

ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਹੈ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਦਾ ਬਿੰਦੂ

ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਚੋਪੜਾ ਪਰਿਵਾਰ ਨੇ ਸਾਨੂੰ ਹਮੇਸ਼ਾ ਦੇਸ਼ ਅਤੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸੇਵਾ ਲਈ ਫ਼ਰਜ਼ ਕੇ ਖੜ੍ਹਨ ਦਾ ਉਪਦੇਸ਼ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦਾ ਮੁੱਖ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਬਿੰਦੂ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਸਵ. ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਜੀ ਦੇ ਪ੍ਰਚਾਰ 'ਸਮਾਜ ਸੇਵਾ-ਪਹਿਲਾਂ' ਨੂੰ ਇਕ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਹਿੱਸਾ ਬਣਾਇਆ ਹੈ।

ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ
SUN,14 JANUARY 2024
EDITION: SANGRUR KESARI, PAGE NO. 4

अमर शहीद लाला जगत नारायण व श्रीमती स्वदेश चोपड़ा जी की स्मृति में 208 बच्चियों को लोहड़ी पर डाबर इम्युनिटी बूस्टर किटें कीं भेंट

मालेरकोटला, 13 जनवरी (वरिन्द्र): बेटियां परमात्मा का वो अनमोल तोहफा होती है जो अपने अरमानों को मन में ही रखकर कई परिवारों प्रति निस्वार्थ-वफादारी से जिम्मेदारी निभाती हैं फिर भी बेटियों को बोझ समझकर कोख में ही कत्ल कर देते है या जन्म के पश्चात समाज के जुल्म की आग में धकेल देते है जबकि विश्व की हर कामयाबी के पीछे बेटियां हमेशा संघर्षशील रही है।

इसलिए बेटी को अच्छे संस्कार-शिक्षा देकर सुदृढ़ समाज की स्थापना करे तथा भ्रूण हत्या-दहेज आदि पर लगाम कसकर नारी को गौरवमय पद प्रदान करे।

यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के.(भारत) के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों (एम.बी.ई.) के नेतृत्व में इंडिया चेयरमैन नरेश मित्तल ने पंजाब केसरी समूह के संस्थापक अमर शहीद लाला जगत नारायण के मार्गदर्शन में प्रधान सम्पादक विजय चोपड़ा की धर्मपत्नी तथा संयुक्त प्रबंधक निदेशक अविनाश चोपड़ा-अमित चोपड़ा की पूजनीय माता, प्यार सद्भाव की मूर्त श्रीमती स्वदेश चोपड़ा की स्मृति में जिले के विभिन्न स्कूलों में नन्हे बच्चों संग लोहड़ी महोत्सव मनाते कहे है।

इसमें बच्चों को भारतीय संस्कृति-संस्कारों-धार्मिकता से जोड़ने के मनोरथ से जोन हैड डा. वरिन्द्र जैन, राज्य को-आर्डिनेटर अजय गर्ग, शिक्षा को-आर्डिनेटर सजीव सिंगला, सीनियर को-आर्डिनेटर अशोक सिंगला-अनिल गुप्ता, धार्मिक को-आर्डिनेटर सौरभ शर्मा-अवतार सिंह,मीडिया को-आर्डिनेटर रोहित शर्मा ने सरकारी प्राइमरी स्कूल आदमपाल में हैड मास्टर गुरप्रीत सिंह, पूर्व सरपंच सुखदेव कौर, पूर्व मैंबर पंचायत दलजिदर सिंह कलसी, सुरिन्द्रपाल सिंह, रजिन्द्र कौर, कुलदीप कौर के सान्निध्य में स्व. रोहन मित्तल, लाला जगत नारायण, स्व. स्वदेश चोपड़ा को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि भेंट करवाई।



बच्चों को सम्मानित करते मैंबर। (वरिन्द्र)

को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान में 141 विद्यार्थीगण-स्टाफ को रियल जूस-मैजिक रंग-शहद-शैपू-हाजमोला-गलूकोस-चमनप्रास की डाबर इम्युनिटी बुस्टर किट भेंट की वही 5 प्रमुख मंदिरों के समक्ष 67 निर्धन-बेसहारा बच्चों, महिलाओं को 1 लीटर रियल जूस बोतलें देकर लोहड़ी पर्व की खुशियां सांझा की है।

अशोक सिंगला, अनिल गुप्ता ने कहा कि भगवान ने औरत को ही इंसान का रचयिता बना कर भेजा है परंतु फिर भी पत्थर युग से अब तक औरतों पर जुल्मी कवायद बदस्तूर जारी है तथा लड़कियों की पढ़ाई-घर से बाहर निकलने पर पाबंदी,पर्दा-गैर लोगों से मिलने की मनाही है। जबकि सोच बदल कर बिटिया ही कीजो।'



डाबर किट मिलने पर खुशी व्यक्त करती बच्चियां। (वरिन्द्र)

अजय गर्ग,सजीव सिंगला ने कहा कि पंजाब केसरी ने जम्मू कश्मीर में राशन, वस्त्र, रजाई, कंबल की मदद। धार्मिक संस्थाओं का सम्मान,विधवा-बुजुर्ग को पेंशन आदि सेवा प्रकल्प से सबको एक दूसरे की मदद करने,सर्वधर्म में आपसी प्रेम को बढ़ाना सिखाया वही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश ने लड़कियों प्रति सोच को सकारात्मक बनाया है तथा जन्म से बेटियों को पढ़ाने की प्रगतिशील सोच का संकल्प अब घर आंगन में धीया दी लोहड़ी का गौरवमय पथ बना है।

एन.आर.आई.चरन कंवल सेखों (एमबीई) ने वर्चूयल मीटिंग में कहा कि विद्यार्थी जीवन में सफलता हेतु बड़े सपने देखने के साथ सख्त मेहनत को प्राथमिकता दे क्योंकि हर देश को शक्तिशाली बाने की जिम्मेदारी नौजवानों के कंधों पर होती है परंतु वर्तमान में कई घटे बेतुकी रीलें बनाने में व्यस्त नासमझ बच्चे सामाजिक गिरावट के साथ स्वयं के आचरण-एकाग्रता को प्रभावित कर रहे है जबकि जिंदगी के हर अनमोल पल को सोशल मीडिया पर गैर जरूरी गतिविधियों में गंवाने की बजाए सही उद्देश्य-मंजिल पर ध्यान केंद्रित करें।

अभिभावक अपनी बेटी के हक पर पहरा दे ताकि हर बच्ची कहे कि 'अगले जन्म मोहे

पंजाब केसरी
FRI,11 AUGUST 2023
EDITION: KURUKSHETRA KESARI, PAGE NO. 2

समाज का हर बच्चा स्वस्थ एवं मजबूत बने, सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) का लक्ष्य : पवन

समाज के हर बच्चे तक पहुंचेगा स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान



सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) से मिले सामान के साथ बच्चे। (विनोद खुंगर)

कुरुक्षेत्र, 10 अगस्त (विनोद खुंगर): सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) कुरुक्षेत्र जिला सहित अन्य क्षेत्रों में भी समाज के बच्चों की बेहतर शिक्षा के साथ उनके स्वास्थ्य एवं मजबूती के लिए लम्बे समय से अभियान चलाए हुए है। ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट का मकसद है कि स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान समाज के हर बच्चे तक पहुंचे।

स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के अंतर्गत सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) द्वारा कुरुक्षेत्र के सुंदरपुर में स्कूली बच्चों को डाबर टूथपेस्ट, टूथब्रश, डाबर वाटिका हेयर आयल इत्यादि हेल्थ किट का सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका रजनी शर्मा ने की। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सेवा ट्रस्ट टीम कुरुक्षेत्र का धन्यवाद किया और कहा कि स्वस्थ बच्चे ही शिक्षित होकर स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में समाज का खान पान गलत हुआ है। बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हुई है तो नई नई बीमारियां लग रही हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट समाज में स्वास्थ्य जागरूकता के साथ शिक्षा, रक्तदान, पौधारोपण और बच्चों की कैरियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है। अब संस्था ने सभी बच्चों के दांतों को स्वस्थ रखने का अभियान भी चलाया है। अगर बच्चों के दांत स्वस्थ नहीं होंगे तो कई प्रकार की बीमारियां लग जाती हैं। ट्रस्ट लगातार इस तरह के कार्यक्रम स्कूलों में आयोजित कर रहा है। सभी बच्चों को जागरूक करने का निरंतर अभियान है। वीरवार को भी अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर टूथपेस्ट, टूथब्रश और हेयर आयल इत्यादि भेंट किए। जिन्हें पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर राजेश कुमार ने सेवा ट्रस्ट के कार्य बारे विस्तार से बताया कि सेवा ट्रस्ट जिला कुरुक्षेत्र में बहुत ही नेक कार्य कर रहा है। खासकर स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य सम्बन्धित कार्य गंभीरतापूर्वक कर रहा है। बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित सामान उपलब्ध करवा रहा है। इस मौके पर नरेश कुमार, पूनम, उर्मिला, नीलम, सतबीर कौर, पूनम देवी मिड डे मील वर्कर्स व अभिभावक गण मौजूद रहे।

जग बानी ई-पेपर
SUN,03 DECEMBER 2023
EDITION: SANGRUR BANI, PAGE NO. 3

'ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ' ਹੀ ਦੇਸ਼ ਤੇ ਸਮਾਜ ਸੇਵਾ ਲਈ ਉਤਸ਼ਾਹਿਤ ਕਰਦੈ : ਮਿੱਤਲ

572 ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਨੂੰ ਡਾਬਰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਆਈਟਮਾਂ ਭੇਟ



ਸੇਵਾ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਦੀ ਸ਼ੁਰੂਆਤ ਮੌਕੇ ਹਾਜ਼ਰ ਮੈਂਬਰ। (ਵਰਿੰਦਰ)

ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ, 2 ਦਸੰਬਰ (ਵਰਿੰਦਰ)–ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਗਰੁੱਪ ਦੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਰਾਇਣ ਦੀ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਅਤੇ ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ ਸ਼੍ਰੀ ਵਿਜੇ ਚੋਪੜਾ, ਜੁਆਇੰਟ ਮੈਨੇਜਿੰਗ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਅਵਿਨਾਸ਼ ਚੋਪੜਾ, ਅਮਿਤ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਪ੍ਰਤੀਨਿਧੀ ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ ਦੇ ਯਤਨਾਂ ਸਦਕਾ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ. ਕੇ. (ਇੰਡੀਆ) ਵੱਲੋਂ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਦੇ ਜੇਜਵਾਨ ਪੁੱਤਰ ਸਵ. ਰੋਹਨ ਮਿੱਤਲ ਦੀ ਯਾਦ 'ਚ 572 ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਡਾਬਰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਆਈਟਮਾਂ ਭੇਟ ਕੀਤੀਆਂ।

ਜਿਸ 'ਚ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ. ਕੇ. (ਇੰਡੀਆ) ਦੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਚਰਨ ਕੰਵਲ ਸੋਖੋ, ਚੇਨਲ ਹੈੱਡ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ, ਸਟੇਟ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਜੇ ਗਰਗ, ਸਿੱਖਿਆ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ, ਸੀਨੀਅਰ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਸ਼ੋਕ ਸਿਗਲਾ, ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ, ਸੋਰਭ ਸ਼ਰਮਾ, ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ, ਰੋਹਿਤ ਸ਼ਰਮਾ ਦੀ ਅਗਵਾਈ 'ਚ ਸਹਿ-ਪ੍ਰਯੋਜਕ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਟਿਡ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 'ਸਿਹਤਮੰਦ ਭਾਰਤ-ਸਿਹਤਮੰਦ ਭਾਈਚਾਰਾ' ਮੁਹਿੰਮ ਤਹਿਤ ਸਰਵਹਿੱਤਕਾਰੀ ਸ਼ਿਸ਼ੂ ਵਾਟਿਕਾ ਵਿਖੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਮਨੋਹਰ ਲਾਲ ਭਟੇਜਾ, ਮੈਨੇਜਰ ਅਨਿਲ ਭਾਰਤੀ, ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਵਰਿਜਮੋਹਣੀ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 331 ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਰੰਗ, 190 ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਪੋਸ਼ਣ, 30 ਅਧਿਆਪਕਾਂ-21 ਸਟਾਫ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਡਾਬਰ ਕੀਟ ਆਦਿ ਦੇ ਕੇ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਕੀਤਾ।

ਦੇਸ਼ ਤੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸੇਵਾ ਜ਼ਰੂਰੀ

ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜਦੋਂ ਵੀ ਮਨੁੱਖ ਦਾ 'ਮਨ' 'ਪ੍ਰਮਾਤਮਾ ਭਗਤੀ-ਸਭ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ' ਲਈ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੀਵਨ 'ਚ ਖੁਸ਼ੀਆਂ-ਦੁੱਖ ਵੰਸਦੀਆਂ ਹਨ, ਇਸ ਲਈ ਆਪਸੀ ਪਿਆਰ ਰਾਹੀਂ ਦੇਸ਼ ਤੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸੇਵਾ ਕਰਨੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ, ਜਿਸ 'ਚ 'ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ' ਗਰੁੱਪ ਹਮੇਸ਼ਾ ਹੀ ਹੋਸਲਾ ਅਫਜਾਈ ਕਰਦਾ ਰਿਹਾ ਹੈ।

ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਹੀ ਭਾਰਤ ਨਿਰਮਾਤਾ

ਪ੍ਰੋ. ਅਨਿਲ ਭਾਰਤੀ-ਮਨੋਹਰ ਲਾਲ ਭਟੇਜਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅਧਿਆਪਕ ਜੋ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀ ਪ੍ਰਤਿਭਾ ਨੂੰ ਨਿਖਾਰਨ 'ਚ ਨਿਪੁੰਨ ਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਜਨਤਾ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ ਰਚਨਾਤਮਕਤਾ, ਪੜ੍ਹਨ-ਲਿਖਣ ਦੇ ਸਰਵਪੱਖੀ ਵਿਕਾਸ ਲਈ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਸਾਨੂੰ ਤਨ, ਮਨ ਅਤੇ ਬਚਨ ਨਾਲ ਸੰਸਾਰ ਦੇ ਕਲਿਆਣ ਲਈ ਸਮਰਪਿਤ ਰਹਿਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਹਰ ਮਨੁੱਖ ਨੂੰ ਦੇਵਤਾ ਸਮਝ ਸੇਵਾ ਦੇ ਮਾਰਗ ਨੂੰ ਉੱਤਮ ਧਰਮ ਮੰਨਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ. ਕੇ. (ਇੰਡੀਆ) ਦੇ ਮੈਂਬਰ, ਜੋ ਇਸ ਗਿਆਨ ਦੇ ਦੀਵੇ ਜਗਾਉਣ ਲਈ ਅਣਥੱਕ ਮਿਹਨਤ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ, ਇਕ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਰਾਸ਼ਟਰ ਦੇ ਨਿਰਮਾਣ ਲਈ ਸੇਵਾ ਦੂਤ ਬਣੇ ਹਨ।

ਚੋਪੜਾ ਪਰਿਵਾਰ ਨੇ ਦਿੱਤਾ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸੇਵਾ ਲਈ ਡਟੇ ਰਹਿਣ ਦਾ ਉਪਦੇਸ਼

ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ-ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਚੋਪੜਾ ਪਰਿਵਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਰ ਸਮੇਂ ਦੇਸ਼ ਅਤੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸੇਵਾ ਲਈ ਡਟੇ ਰਹਿਣ ਦਾ ਉਪਦੇਸ਼ ਦਿੱਤਾ ਹੈ।

पंजाब केसरी
WED,30 AUGUST 2023
EDITION: KURUKSHETRA KESARI, PAGE NO. 3

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने छात्राओं को दी इम्यूनिटी बूस्टर किट

हर जिला की छात्राओं को सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया करेगा सम्मानित



छात्राओं को इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर सम्मानित करते हुए। (विनोद खुंगर)

कुरुक्षेत्र, 29 अगस्त (विनोद खुंगर): सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने शिक्षा विभाग की राज्यस्तरीय शैक्षिक भ्रमण योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र पहुंची छात्राओं का स्वागत किया। कुरुक्षेत्र में सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने छात्राओं का स्वागत करते कहा कि इस तरह का शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए बेहद लाभकारी रहेगा।

इस भ्रमण से छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा शैक्षणिक भ्रमण पर आई हुई सभी छात्राओं को एक इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। साथ ही कहा गया कि हर जिला की छात्राओं को आगे भी इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य के प्रत्येक जिला से प्रतिदिन विभिन्न स्कूलों की करीब 100 छात्राएं 2 दिन के कुरुक्षेत्र भ्रमण पर पहुंच रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने बताया की 28 अगस्त से शुरू हुई ये योजना 17 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इस योजना के तहत 100 छात्राएं प्रतिदिन कुरुक्षेत्र में पैनोरमा एवं विज्ञान संग्रहालय सहित श्री कृष्ण संग्रहालय व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का भी अवलोकन कर रही हैं। छात्राएं दो दिन कुरुक्षेत्र रुकने के बाद करनाल में एन.डी.आर.आई. के भ्रमण के बाद वापस लौटेगी। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार तुषार, राधेश्याम शर्मा व तरसेम कौशिक ने सेवा ट्रस्ट का धन्यवाद किया।

इस मौके पर सेवा ट्रस्ट खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सेन, सुमन्त सैनी, रमेश गुप्ता, राजेश कुमार, प्राचार्य रमेश सांगवान, प्राचार्य रमेश बोध, नरेश गर्ग, राधेश्याम शर्मा, राजन गुप्ता, मिंटो भारद्वाज, चंद्रभान शर्मा, कमल बंसल इत्यादि मौजूद रहे।



सकूली बॅच्चिआं नूं समगरी वंडदे होऐ समाज सेवी ग्रमिंदर सिंघ गरचा अते होर।

तसवीर : कुलदीप सिंघ पाधला

सेवा टरॅसट यु. के. शाखा वलों सकूली बॅचिआं नूं लोड़ दीआं वसतां वंडीआं

बंगा, 18 अप्रैल (कुलदीप सिंघ पाधला) - उँघे समाज सेवी अते सेवा टरॅसट यू.के. (भारत) दी ब्रांच नवांशहिर दे सरपसत अते जिल्हा कोआरडीनेटर ग्रमिंदर सिंघ गरचा दी अगवाणी विच सरकारी प्राइमरी सकूल बालमीक बसती बंगा दे विदिआरबीआं नूं उन्हां दी नित दिन दीआं लोड़ां दी पूरती करन तहित किंटां वंडीआं गइीआं। सेवा टरॅसट यू. के. दे ससथापक अते चेअरमैन चरनकंवल सिंघ सेखों अते सेवा टरॅसट यू.के. (इंडीआ) दे चेअरमैन नरेस मित्तल दी अगवाणी हेठ सिंखिआ, वातावरन अते सिहत सँभाल कारजां नूं अँगे तोरदिआं स. गरचा ने टरॅसट वॅलों बॅचिआं नूं फलां दा जूस, दंद मंजन, बरस अते होर जरूरतमंद समगरी वंडी। इस मौके ग्रमिंदर सिंघ गरचा ने आपने संबोधन दौरान दॅसिआ कि इह टरॅसट पिछले सॅत सालां तों पंजाब अते हरिआणा विच लोड़वंद लोकां नूं अजिहीआं सेवाएं प्रदान करदा आ रिहा है।उन्हां बॅचिआं नूं पड़ लिख के उतरॅकी करन, बूटे ला के वातावरन दी सँभाल करन अते सगीरक सफ़ाही रॅखदिआं सिहत नूं सँभालन दा सुनेहा दिॅतां। इस मौके सकूल सटाफ वलों समाज सेवी गरचा नूं यादगारी चिंन् दे के सनमानित कीता गिआ। इस मौके अवतार चंद हॅड टीचर, गीना, नरिंदर कुमार, सुरिंदर कॅर, आसा आंगनवाड़ी वरकर, अरचना आंगनवाड़ी हैलपर अते विदिआरबी हाजर सन।

अजीत
20-Apr-2023
Page: 7
http://epaper.ajitjalandhar.com/edition/20230420/4/7.cm

MEDICAL HEALTH CAMPS

हरिभूमि

रोहतक -झज्जर

Date 12 Apr 2023

स्टॉफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

137 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गांव दूबलधन के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा वसुंधरा हॉलिस्टिक हेल्थ फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस शिविर में कुल 137 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां और परामर्श भी चिकित्सकों द्वारा दिए गए। संस्था सदस्य अंकित मलिक ने बताया कि शिविर के दौरान डॉक्टर मनोज सैनी व सीएचसी इंचार्ज डॉक्टर संदीप त्रिखा द्वारा 67 लोगों की नेत्र जांच की गई। ऑप्टोमेट्रिस्ट दीपक ने शिविर में सभी मरीजों को नेत्रों की देखभाल संबंधी उपायों के बारे में जानकारी दी। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीषा, फार्मासिस्ट इंद्रावती, योग सहायक गीता, सपना व मनमोहन ने 70 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। डॉक्टर मनीषा ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचने के लिए उन्हें मास्क व सैनिटाइजर का उपयोग करते हुए उचित दूरी बनाए रखने का भी ख्याल रखना होगा। इस मौके पर ग्राम सरपंच जितेंद्र कुमार, सौरभ, संजय, सुनीता आदि मौजूद रहे।

- राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



झज्जर। प्राथमिक पाठशाला में आयोजित शिविर में नौनिहालों की स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

आजादी के 75वें महोत्सव के तहत चिमनी गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

75 मरीजों की जांच कर आयुर्वेदिक उपचार के बारे में बताया,जल संचय की दी जानकारी

भास्कर न्यूज | झज्जर

आजादी के 75वें महोत्सव की कड़ी में गांव चिमनी में स्वास्थ्य जांच शिविर तथा जल संचयन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिमनी गोशाला के प्रधान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों के स्वास्थ्य की जांच जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. हितेश शर्मा के मार्गदर्शन में दुबलधन चिकित्सालय से आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी डॉ. मनीषा और उनकी टीम ने की। डॉ. मनीषा ने 75 मरीजों की जांच की तथा उन्हें आयुर्वेदिक उपचार के लाभ के बारे में बताया। दीपक ने बताया कि जिला युवा अधिकारी ब्रिजेश कौशिक के मार्गदर्शन में पूरे जिले में कैच दा रैन अभियान के अंतर्गत लोगों को जल संचयन के तरीकों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी को बताया कि भूमिगत टैंक बनाकर वर्षा के जल का संचयन कर सकते हैं। डॉ. मनीषा तथा अनिल ने सभी को जल संचयन करने की शपथ भी दिलाई। अनिल ने बताया कि कैंप में सभी मरीजों को आयुष विभाग तथा संस्था की को स्पॉन्सर निवोक्स बायोटेक लिमिटेड की तरफ से निशुल्क दवाइयां भी दी गई। संस्था सेवा ट्रस्ट यू के इंडिया के ई लर्निंग कोऑर्डिनेटर मंजीत सिंह ने सभी को संस्था की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। कार्यक्रम इंडेप्थ विजन फाउन्डेशन, सेवा ट्रस्ट यू के इंडिया तथा वसुंधरा होलिस्टिक हेल्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अनिल, दीपक, फार्मासिस्ट इंद्रावती, योग सहायक गीता, सपना व मनमोहन मौजूद रहे।



बेरी में कैंप के दौरान ग्रामीण।

EYE CAMPS

अधोया में लगे कैंप में 242 मरीजों ने करवाई आंखों की जांच



बराड़ा | अधोया में स्थित गुरु रविदास मंदिर परिसर में रविवार को कपिल नेत्र अस्पताल तथा वैश्विक सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके भारत के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय अभियान के अंतर्गत एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर 242 मरीजों की जांच के उपरांत निशुल्क आवश्यक दवाइयां वह परामर्श दिया गया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के प्रांतीय समन्वयक पवन पराशर ने बताया कि संस्था स्वस्थ भारत स्वस्थ समुदाय जैसे अभियान व्यापक स्तर पर चलाकर गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों को जागरूकता के साथ दवाइयां, सेवाएं व अन्य प्रकार की सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाती है।

शिविर में 108 मरीजों की आंखों को जांचा

पांच मरीजों का होगा ऑपरेशन, गुजारवास में निशुल्क लगाया कैंप

संवाद न्यूज एजेंसी

मंडी अटेली। ग्राम पंचायत गुजारवास में रविवार को पंचायत भवन में गंगादेवी पाण्डेय अस्पताल महेंद्रगढ़ की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष शाकेया ने अपनी टीम के साथ 108 मरीजों की आंखों की जांच की।

शिविर का उद्घाटन सेंट जॉन ब्रिगेड ऑफिसर डॉ. सीएस वर्मा, विशिष्ट अतिथि सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया जिला समंवयक मनीष कुमार ने किया। शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ. सीएस वर्मा ने कहा कि सेवा एक पवित्र भाव है जो हृदय और आत्मा को पवित्र करता है। इसलिए सेवा ही सर्वोपरि है। सेवा ट्रस्ट प्रवक्ता विनोद कुमार ने कहा कि व्यक्ति और समाज एक दूसरे के पूरक हैं तथा सामाजिक जीवन की नींव व्यक्तिगत जीवन के समन्वय से स्थापित होती है।



शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक। संवाद

इसलिए हमें समाज व राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक ओपी हिंदुस्तानी ने बताया कि शिविर में 108 मरीजों की आंखों का चेकअप किया तथा अस्पताल की ओर से निशुल्क दवाइयां भी वितरित की। आंख के ऑपरेशन हेतु पांच मरीजों का चयन किया गया। इस अवसर पर पंच संजय कुमार, राजेंद्र वर्मा, संदीप, रावत सिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, मोनू पंच, नारायण दत्त बंसल, रामकिशन यादव, सुरेश सैन, प्यारेलाल प्रजापति, सुरेश यादव रहे।

ENVIORNMENT PRESERVATION ACTIVITY

इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया लगाएगी 400 त्रिवेणी

दैनिक जागरण
आओ करें प्रकृति में निवेश

जागरण संवाददाता, इन्जर : इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने त्रिवेणी के 400 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। दोनों ही संस्थाओं ने दैनिक जागरण के साथ आओ करें प्रकृति में निवेश अभियान के तहत 400 पौधे लगाने का निर्णय लिया है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि उन्हें दैनिक जागरण के इस अभियान के साथ जुड़कर काफी खुशी हो रही है। साथ ही लोगों से भी अपील की है कि जितना हो सके इस अभियान में जुड़ कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास करें। अगर हर कोई पेड़ लगाएगा तभी भविष्य में लाभ मिलेगा। साथ ही दोनों ही संस्थाओं ने निर्णय लिया है कि वह जिले के प्रत्येक ब्लाक में त्रिवेणी लगाएंगे।

त्रिवेणी को शास्त्रों में स्थाई यज्ञ की दी गई है संज्ञा

: संस्था के सदस्य राकेश शर्मा ने बताया कि त्रिवेणी को शास्त्रों में स्थाई यज्ञ की संज्ञा दी गई है। त्रिवेणी का आशय तीन प्रकार के पेड़ यानि वट, नीम, पीपल से है। इन्हे पौधे के रूप में त्रिकोणीय आकार में लगाते हैं। थोड़ा बढ़ने पर यानि करीब छह या सात फुट होने पर इन्हें आपस में मिला देते हैं। जब इनका संगम हो जाता है तो यह त्रिवेणी कहलाती है। त्रिवेणी को खुले एवं सार्वजनिक स्थानों पर ही लगाया जाता है।

वृक्षों को गोद लेकर करनी चाहिए देखभाल

संस्था से जयप्रकाश ने बताया कि ये प्राकृतिक पर्यावरण में पेड़, झाड़ियां, नदी, जल, सूर्य प्रकाश, पशु, हवा आदि शामिल है। पर्यावरण ना केवल हमारे स्वास्थ्य का ख्याल रखता है बल्कि एक मां की तरह हमें सुख-शांति भी प्राप्त करता है। हमे वृक्ष पशु-पक्षी का निवास स्थान है। उन्होंने युवाओं को बताया कि हमें गांव के नये तथा पुराने वृक्षों को गोद लेकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।



बहादुरगढ़ : पेड़ों की संख्या कम होने की वजह से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ रही है। अगर पेड़ों को हमने नहीं बचाया तो हमारे जीव जंतुओं का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। इसीलिए हमें ज्यादा से ज्यादा से पेड़ लगाने चाहिए। दैनिक जागरण का आओ करें प्रकृति में निवेश अभियान बहुत ही शानदार है। ऐसे में हमें भी इस अभियान के तहत प्रकृति में अपना निवेश करते हुए पौधारोपण करना चाहिए।

भारत छिकारा, अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी, बहादुरगढ़।

दैनिक जागरण का अभियान आओ करें प्रकृति में निवेश बहुत ही सराहनीय है। 11 जुलाई को अभियान के साथ जुड़ कर त्रिवेणी लगाई जाएगी। साथ ही लोगों से भी अपील है कि जितना हो सके इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। प्रकृति में अगर निवेश किया जाएगा। तभी आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिलेगा।



विकास कौशिक, डायरेक्टर, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन।

पर्यावरण को बचाने की जिम्मेदारी हम इंसानों पर है। अगर हम ही पेड़ नही लगाएंगे तो पर्यावरण स्वच्छ कैसे होगा। इसलिए लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है जितना हो सके पेड़ लगाएं। पेड़ लगाकर ही हम पर्यावरण को बचा सकते है। अगर पेड़ पौधे ही नहीं रहेंगे तो हमें आक्सीजन कैसे मिलेगी।



नरेश मित्तल, चेयरमैन, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया।

आठ नर्सरियों से मिलेंगे 20 किस्म से अधिक फलदार और छायादार पौधे

जागरण संवाददाता, इन्जर : बरसात के मौसम में कुछ लोगों को हरियाली बहुत पसंद होती है तो कई लोग अपने घर में पौधे ज्यादा लगाते हैं। इस मौसम में घर का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। पौधे लगाने से घर को ताजी जड़ी-बूटियां भी मिलती हैं। अगर आप भी पौधे लगाने के शौकीन हैं तो बरसात का मौसम सबसे उपयुक्त है। आठ नर्सरियों से आप 20 किस्म के अधिक के फलदार और छायादार पौधे ले सकते हैं। इसी क्रम में पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए वन विभाग भी लोगों की हर संभव मदद कर रहा है। 11 जुलाई को दैनिक जागरण की ओर से चलाए जा रहे महाअभियान आओं करें प्रकृति में निवेश के मद्देनजर वन विभाग ने लोगों को पौधे उपलब्ध करवाने के लिए इंतजाम किए हैं।

इन नर्सरियों में मिलेंगे पौधे

एमपी माजरा, बाकरा, माछरौली, साल्हावास, मातनहेल, डबोदा कला, बादली व सांखोल।

अगर आपको पौधे मिलने पर किसी तरह की कठिनाई आती है तो आप इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

- जय भगवान (वन विभाग)

सभी नर्सरियों के इंचार्ज :
98125 85841

- एम पी माजरा गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज अभय सिंह, 9991952388
- बाकरा गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज वीरभान, 7015544919
- माछरौली गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज देवेंद्र, 8059007830
- साखोल गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज सूरज प्रकाश, 9812457175
- बादली गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज बिजेंद्र, 8059355747
- डाबोदा कलां गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज ब्रह्म प्रकाश, 9053382713
- मातनहेल गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज विनोद कुमार, 8930511183
- साल्हावास गांव स्थित नर्सरी, इंचार्ज मीर सिंह, 8199835805

मनुष्य के क्रियाकलापों से हुआ पर्यावरण को नुकसान : दिलबाग

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया का हरित भारत, हरित धरा अभियान

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : ग्रामीण परिवेश के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने विशेष अभियान चलाया है। इस कड़ी में संतोखपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। मंगलवार को पौधारोपण के कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रभारी दिलबाग सौथा ने किया। उन्होंने कहा कि इंसान की कार्यशैली से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

दिलबाग ने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।



संतोखपुरा के राजकीय विद्यालय में पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी। ● सौ. : ट्रस्ट

पर्यावरण सजगता के लिए प्रेरित किया

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व दिनेश कोचर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पर्यावरण की देखभाल के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मनुष्य के क्रियाकलापों के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। जिससे सांस की बीमारियां बढ़ रहीं हैं। एक तरफ पानी का दुरुपयोग और दूसरी तरफ पानी के लिए हाहाकार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति संवेदनहीनता के चलते पर्यावरण बचाने का अभियान प्रमुखता के साथ आगे बढ़ नहीं पाया।

मनुष्य के क्रियाक
पर्यावरण को नुक

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया का हरित भ

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : ग्रामीण परिवेश के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने विशेष अभियान चलाया है। इस कड़ी में संतोखपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। मंगलवार को पौधारोपण के कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रभारी दिलबाग सौथा ने किया। उन्होंने कहा कि इंसान की कार्यशैली से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

दिलबाग ने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।



संतोखपुरा के राजकीय वि

पर्यावरण सजगता

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया
कोआर्डिनेटर पवन मित
कोचर ने विद्यार्थियों को
के प्रति सजग होने और
बनाने के लिए प्रेरित कि
को पर्यावरण की देखभ
प्रेरित करते हुए कहा वि
क्रियाकलापों के कारण
लगातार नुकसान हो रह

आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा में किया पौधरोपण

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा में सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत लगातार पौधारोपण अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को विद्यालय में पौधारोपण किया गया। गकार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक मुनीष शर्मा व अशोक कश्यप ने किया।

विद्यालय के मुख्याध्यापक व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन और सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं | बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं | इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के क्रियाकलापों के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है जिससे सांस की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा।

अध्यापिका सीमा शर्मा ने अपने निजी कोष से पौधे खरीदने के लिए 2100 रुपये विद्यालय को दिए। समाज सेवी डाक्टर सतीश कश्यप व पंच बनवारी लाल ने इस मौके पर विद्यालय को पौधों में पानी देने के लिए नई पाइप व गमले प्रदान किए। इस अवसर पर नीरज वर्मा, कृष्ण लाल, अनिल कुमार, रणधीर सिरोही, नीतू देवी , राजकौर उपस्थित रहे।



राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा पौधा रोपित करते छात्र और साथ में खड़े अध्यापक : ● सौ. स्कूल

हंसाला स्कूल में ट्रस्ट ने चलाया पौधारोपण अभियान, दिलाई शपथ



हंसाला के राजकीय विद्यालय में पौधारोपण करते ट्रस्ट के सदस्य व बच्चे। ● सौ. सेवा ट्रस्ट।

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा निरंतर पौधारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय हंसाला में हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके के सहयोग से पौधारोपण किया गया।

विद्यालय के मुख्य शिक्षक राजेश सैन ने बताया कि विद्यालय में त्रिवेणी लगाई और साथ ही सभी बच्चों और ग्रामीणों से पौधे लगवाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं, इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि हमें जन्मदिवस, विवाह समारोह, सेवानिवृत्ति आदि विशेष अवसरों पर पौधे उपहार स्वरूप देने चाहिएं। सभी ग्रामीणों व बच्चों को शपथ दिलाई कि मिलकर पौधे लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं।

स्वच्छ भारत स्वच्छ अभियान के तहत आशा वर्करों, सफाई कर्मचारियों, डाक्टरों को कोरोना काल में योगदान के लिए इंयूनिटी बूस्टर किट देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के बच्चों को जूस वितरित किए गए।

दैनिक भास्कर **बहादुरगढ़ भास्कर** 05-08-2023

खरहर और छुड़ानी गांव की पीएचसी में 15 त्रिवेणी लगाई



झज्जर | हरित भारत हरित धरा अभियान के तहत संस्थाओं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा खरहर तथा छुड़ानी के सार्वजनिक स्थानों तथा पीएचसी में 15 त्रिवेणी लगाई गई। छारा गांव के पंचायत मेंबर तथा संस्था आईवीएफ से अनिल दलाल ने बताया कि आज के जलवायु परिवर्तन की समस्या किसी से भी छुपी नहीं है। इसको लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही हैं। पीएचसी से डॉ. अन्नू अग्रवाल ने बताया वे स्वयं इन पौधों की देखभाल करेंगी। उन्होंने बताया कि ये त्रिवेणी डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज सैनी के मार्गदर्शन में लगाई गई हैं। इस अवसर पर डॉ. अन्नू अग्रवाल, धर्मबीर मास्टर, सुमनलता, सीमा स्टॉफ नर्स, कुलदीप, सावन, प्रदीप मौजूद रहे।

इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने लगाई त्रिवेणी



त्रिवेणी लगाते हुए संस्था के सदस्य ● विज्ञप्ति।

झज्जर, वि: हरित भारत हरित धरा अभियान के तहत संस्थाओं इंडेथ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यू के इंडिया द्वारा गांव मदाना खुर्द, मदाना कला, शेरिया, दुजाना तथा चमनपुरा में 77 त्रिवेणी लगाई। संस्था आईवीएफ से मास्टर विनोद शर्मा ने बताया कि ये सभी पौधे गांव के सार्वजनिक स्थानों जैसे शमशान घाट, सरकारी स्कूल, खेल का मैदान, सड़क के दोनों तरफ लगाए गए। सेवा ट्रस्ट से मास्टर अभिमन्य ने बताया कि आते है। आयुर्वेद के मुताबिक पीपल के पेड़ से कई बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। मंजित सिंह ने बताया कि बरगद (बड़) के पेड़ को राष्ट्रीय वृक्ष का दर्जा प्राप्त है। इसका वैज्ञानिक नाम फाइकस बेंगालेंसिस है तथा बड़ा लाभकारी है। इस दौरान भाला, मास्टर संजय, मास्टर प्रवीण, हवलदार राजरूप, नवीन, भूपसिंह, राजसिंह, काला, जानती, संदू, सुनील, मितवा, सचिन, मंजित सिंह, रति देव, विकाश आदि यवा मौजद रहे व पौधों

WOMEN EMPOWERMENT ACTIVITY

मंडे पॉजिटिव सेवा ट्रस्ट यूके हेल्थ-पर्यावरण के साथ महिलाओं को भी बना रहे सशक्त

15 गांवों में चला रहे हैं सिलाई स्कूल, आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को दे रहे फ्री ट्रेनिंग

भास्कर न्यूज|लुधियाना

विभिन्न तरह की लतों में लिप्त पुरुषों और आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों की महिलाओं को सशक्त कर उन्हें अन्य महिलाओं को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए सिलाई स्कूल चलाए जा रहे हैं। एनजीओ सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा 15 गावों में सिलाई स्कूल चलाए जा रहे हैं। इसी साल जनवरी में 15 गांवों की महिलाओं को ट्रेनर के तौर पर तैयार करने की ट्रेनिंग दी गई। मार्च में इस प्रोग्राम की शुरुआत कर आज हर गांव में ये महिलाएं अपने गांव की लड़कियों और महिलाओं को बेहद कम फीस या जो नहीं भी फीस दे सकती उन्हें फ्री में ट्रेनिंग दी जा रही है। महिलाओं को सिर्फ ट्रेनिंग ही नहीं सर्टिफिकेट भी दिए जा रहे हैं।

जल्द ही स्थापित किया जाएगा प्रोडक्शन सेंटर



चेयरमैन चरन कमल सेखों के निर्देशन में मेडिकल, हेल्थ और पर्यावरण को बचाने के मुद्दों पर काम किया जाता है। ट्रस्ट के पंजाब-हरियाणा ऑपरेशन के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को शुरू करने का मकसद महिलाओं को सशक्त बनाकर आत्म निर्भर बनाना है। जल्द ही प्रोडक्शन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। जिसके लिए मेनुफेक्चरिंग यूनिट के साथ भी संपर्क किया गया है जोकि महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बेचने और ऑर्डर भी देंगे।

• अब हर गांव में तीन-तीन ट्रेनर को रखा गया है...

डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर गुरदीप सिंह पन्नू ने बताया कि 15 गावों की महिलाओं को मुफ्त ट्रेनिंग देने के साथ ही उन्हें सिलाई मशीन भी उपलब्ध करवाई गई। इन महिलाओं ने अपने ही गांव की लड़कियों और महिलाओं को ट्रेनिंग दी। जिसके बाद उन्हें भी सर्टिफिकेट्स दिए गए हैं। हमारे पास जो महिलाएं ट्रेनिंग के लिए हैं उनमें कुछ महिलाओं के पति किसी तरह की लत से पीड़ित हैं और परिवार को आर्थिक तौर पर मदद नहीं करते। जबकि कुछ महिलाएं आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों से संबंधित हैं। हमने इन्हीं महिलाओं को चुना जिससे कि वो अपने परिवार का खर्च चला सकें। पक्खोवाल, लितर, रछीन, आंडलू, बड़ूंदी, गुजरवाल, लताला, जंड, छपार, तुंगाहेड़ी, सहोली-खुर्द, कल्याण, ब्रह्मपुर, लोहटबद्दी गांव शामिल हैं।

समाज को मजबूत करने में महिलाओं का अहम योगदान होता है : गोयल

डॉ. राजेश वधवा

कुरुक्षेत्र। समाज को मजबूत बनाने एवं जागरूक करने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। इसलिए महिलाओं का स्वस्थ रहना आवश्यक है। महिलाओं को स्वस्थ रखने तथा उन्हें सशक्त करने में सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) अहम योगदान दे रहा है।

यह विचार पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एडवोकेट जवाहरलाल गोयल ने ट्रस्ट के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) के द्वारा रविवार को अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आसपास के गांवों से उषा सिलाई सेंटर चलाने वाली जरूरतमंद महिलाओं को अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया के सहयोग से डाबर टूथपेस्ट, डाबर शहद, आयुष 64, वाटिका शैम्पू, हेयर ऑयल और डाबर रियल जूस के स्वास्थ्य किट वितरित किए। कार्यक्रम में जवाहरलाल गोयल ने कहा कि सेवा ट्रस्ट समाज में शिक्षा, रक्तदान, स्वास्थ्य और कैरियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर रहता है।



स्वास्थ्य किट वितरित करने के अवसर पर सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के सदस्य एवं महिलाएं।

ट्रस्ट की तरफ से जरूरतमंद परिवार के बच्चों को मुफ्त में तीन साल के लिए एक एजुकेशन एप को उपलब्ध करवाने और उन को कैरियर चुनने में हर संभव मदद की जाती है। यह समाज के लिए बहुत ही सराहनीय कदम है।

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया कुरुक्षेत्र के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से हर महीने इन समस्त महिलाओं को डाबर का इम्यूनिटी बूस्टर गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप भेंट करता है और आगे भी लगातार करता रहेगा। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट से खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सेन ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया समाज के समस्त महापुरुषों की जयंती पर रियल जूस का भंडारा लगाती है व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले होनहार बच्चों को सम्मानित करने का कार्य करती है। सेवा ट्रस्ट से आशा वर्कर पूजा सैनी ने बताया कि सेवा ट्रस्ट टीम द्वारा कुरुक्षेत्र जिला के लगभग सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स को सम्मानित करने का कार्य किया है। जो कि काबिले तारीफ है। कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं ने सेवा ट्रस्ट यूके के कार्यों की सराहना की। इस अवसर सेवा ट्रस्ट से सुमन्त सैनी, योगेश गर्ग, गेजपाल, जसबीर सिंह, तेजस मित्तल आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
रोहतक -कैथल
2 Apr 2023

1100 लड़कियों को सम्मानित किया

■ समाजसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती है : वेदपाल एडवोकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा गांव पिलनी व पूंडरी में विशाल कन्या पूजन समारोह का आयोजन कर 1100 कन्याओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट ने की। वेदपाल ने कहा कि समाजसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती है। खासकर कन्याओं का सम्मान करना लक्ष्मी माता को प्रसन्न करना है। यूके ट्रस्ट के कोऑर्डिनेटर राजकुमार गर्ग द्वारा जो समाज भलाई के कार्य किए जा रहे है, उनकी जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। कोऑर्डिनेटर राजकुमार गर्ग ने बताया कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए नवरात्रों में नई पहल शुरू की गई है। ट्रस्ट लगातार स्कूली बच्चों, वृद्धाश्रमों, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों, ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित करती रहती है।



पूंडरी। यूके ट्रस्ट द्वारा कन्याओं को सम्मानित करते हुए वेदपाल एडवोकेट व ट्रस्ट सदस्य। फोटो : हरिभूमि

Kurukshetra Kesari
पंजाब केसरी
Feb 12, 2024 (IST)

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने 25 गांवों की सक्रिय महिला सदस्यों को सम्मानित किया



महिलाओं को सम्मानित करते हुए। (विनोद खुंगर)

25 गांवों में संचालित उषा सिलाई सेंटर की सक्रिय महिला सदस्यों को सम्मानित किया

कुरुक्षेत्र, 11 फरवरी (विनोद खुंगर): अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में ट्रस्ट द्वारा 25 गांवों में संचालित उषा सिलाई सेंटर की सक्रिय महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि संस्था द्वारा पूरे राज्य में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं को सम्मानित करने का अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भरता, समानता, सम्मान के अधिकार बोध व अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा रहा है। प्रतिदिन महिलाओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन् ने बताया कि संस्था द्वारा स्कूली विद्यार्थियों, वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों, आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य, सफाई कर्मी व खिलाड़ियों आदि के लिए 900 से अधिक सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग तीन लाख लोगों को अपनी सह प्रायोजक डाबर इंडिया के सौजन्य से बूस्टर किट वितरित की जा चुकी है। पूजा सैनी ने बताया कि उषा इंटरनेशनल के सहयोग से संस्था द्वारा 65 सिलाई केंद्र स्थापित कर हजारों महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट से दिलबाग सोथा, योगेश गर्ग, विजय पंघाल, विजय गर्ग, विक्की सैनी, शारदा, रेखा, रेणु, ममता, सहित भारी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

Kurukshetra Kesari
पंजाब केसरी
Feb 09, 2024 (IST)

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया का प्रदेशभर में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं को सम्मानित करने का अभियान शुरू किया



महिलाओं को सम्मानित करते हुए। (विनोद खुंगर)

कुरुक्षेत्र, 8 फरवरी (विनोद खुंगर): अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा अब शिक्षा संस्थानों में सहयोग करने वाली महिलाओं सहित समाज के लिए सक्रिय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने का अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्याध्यापक पवन मित्तल ने बताया कि संस्था ने पूरे राज्य में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भरता, समानता, सम्मान अधिकार बोध व अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा सके। जिला के विभिन्न गांवों में प्रतिदिन इस तरह के कार्यक्रम कर महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

संस्था की सीमा शर्मा ने बताया कि इस कड़ी में संस्था द्वारा स्कूली विद्यार्थियों, वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों, आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य, सफाई कर्मी व खिलाड़ियों इत्यादि के लिए 900 सम्मान समारोह आयोजित कर करीब तीन लाख लोगों को अपनी सह प्रायोजक डाबर कंपनी के सौजन्य से बूस्टर किट वितरित की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त ई लर्निंग कार्यक्रम के अधीन इस सेवा से 10 हजार लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इसी प्रकार से उषा इंटरनेशनल के सहयोग से संस्था द्वारा 65 सिलाई केंद्रों की स्थापना कर हजारों महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

SOCIAL AWARENESS CAMPS

सोशल मीडिया से बढ़ते 'डिप्रेशन' से बचने हेतु जागरूकता सैमीनार करवाया

मालेरकोटला, 2 अप्रैल (वरिन्द्र) पहले किसी से बात करने के लिए 'खत,तार,फोन' का सहारा ले कर घंटों इंतजार करना पड़ता था पर वर्तमान में 'मोबाइल' ने सब कुछ 'मुट्ठी' में कर दिया, जिसका कुछ लोग 'फायदा' तो कुछ 'नुकसान' झेल रहे है। क्योंकि सोशल मीडिया की 'काल्पनिक दुनिया' के 'अपडेट,स्टेटस,तस्वीरें' शेयर करना 'मायाजाल' मात्र है फिर भी हम 'नकली खुशी' हेतु जीवन पहलू को प्रभावित करते है तथा मानसिक विकारों से 'डिप्रेशन' के शिकार हो रहे है।

विज्ञान का ज्ञान फैलाकर अज्ञान दूर हो सकता है क्योंकि हमारी 'अज्ञानता' सोशल मीडिया को 'नुकसानदायक' बनाती है जबकि समझदार तो 'व्यापार,दुनिया की संस्कृति से जुड़ने, विचारों के आदान प्रदान,दूर बैठे परिवार से खुशियां साझा, मैडीकल या अन्य समस्या पर विशेषज्ञ राय चुटकियों' में मिलने का सरल रास्ता बनाते है। इसलिए पढ़ाई के साथ जीवन के उच्च मुकाम की प्राप्ति हेतु सोशल मीडिया का सहारा ले पर आश्रित ना बने। यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के.(भारत) के संस्थापक एन.आर.आई.चरन कंवल सेखों के चाचा बलजीत सिंह गिल (कैनेडा) ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के फायदे-नुकसान पर तर्क देते कहे है।

इस मौके सिंगला ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में अपनों से ही मिलने हेतु किसी के पास 'वक्त' नहीं है पर सोशल साइट्स की 'झूठी दुनिया के चंगुल' में हजारों दोस्त बनाकर समय गुजारने में व्यस्त है। पहले बच्चों का खेलों-कहानियों से मनोरंजन,पालन पोषण हेतु बुजुर्ग ही नैतिक मान्यताओं से जोड़ते थे परन्तु अब 'रोटी रोजी' के जुगाड़ ने 'संयुक्त परिवार की बजाए एकल परिवार' व्यवस्था से सबको फोन पर निर्भर कर दिया है।इसलिए 'सैल्फ प्रमोशन' से बचकर किताबों में दिलचस्पी, आऊटडोर एक्टीवीटी बढ़ाए वरना जिंदगी भर कोई न कोई दवाई खाने हेतु 'कमर' जरूर कस ले। वही बाहरी दुनिया कि 'टेन्शन' से घिरे दंपत्ति भी शयनकक्ष के पलों में फोन से 'बतियाने' की बजाए पारिवारिक दुख सुख को साझा करे।

इस मौके शर्मा ने कहा कि फोन पर पढ़ाई की आड़ में सोशल मीडिया से 'चिपके' बच्चों की तादाद बढ़ रही है जो पढ़ाई में कम 'गलत साईटस' में ज्यादा रुचि लेते हैं। वही 'काल्पनिक चैटिक' से 'रिश्तों की सैटिंग' टूटने के बावजूद भी 40 से 60 वर्ष की आयु वाले दिन में औसतन 50 बार,30-40 वाले 80,नौजवान पीढ़ी 100 बार फोन खंगाल कर 'बेमानी खुशी' महसूस करते है तथा खुद की फोटो पर लाइक-कमेंट नहीं मिलने को सकारात्मक प्रतिक्रिया से जोड़कर आत्मविश्वास में गिरावट ले आते है। इसलिए सोशल मीडिया का सजगता से प्रयोग करके रिश्तों-ज्ञान की नींव को कमजोर न होने दे तथा जीवनशैली में सुधार से रोग मुक्त रहे।

इस मौके चेयरमैन नरेश मित्तल के सान्निध्य में जोन हेड डा.वरिन्द्र जैन,जिला मालेरकोटला कोडिनेटर अशोक सिंगला,धार्मिक कोडिनेटर सौरभ शर्मा,अवतार सिंह ने कैप्टन मनजीत सिंह सरकारी सीनियर सैकंडरी स्मार्ट स्कूल धमोट में प्रिंसिपल रीतू आनंद,कुलवंत सिंह गिल (रिटायर ए.जी.एम.),रनजीत सिंह गिल (कैनेडा),बलवीर सिंह (चेयरमैन एस.एम. सी. कमेटी),जविदर सिंह (लेक्चर साइंस) के सहयोग से 65 मेधावी छात्रों-खिलाड़ियों को डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से इम्युनिटी बुस्टर किट भेंट करवाई तथा सुखदीप कौर (लेक्चर पंजाबी) ने बखूबी मंच संचालन से प्रेरित किया।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते मैंबर। (वरिन्द्र)

तनाव दूर रखने के लिए 18 सरकारी स्कूलों में सेमिनार करवाए, बच्चों को समझाया

परीक्षा को गंभीर चुनौती न समझें, लक्ष्य करें निर्धारित

भास्कर न्यूज | मालेरकोटला

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के संस्थापक एनआरआई चरणकंवल सेखों, राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, जोन हेड डॉ. वरिंदर जैन, स्टेट कोआर्डिनेटर अजय गर्ग की अगुवाई में नशे से बचाव और परीक्षा में तनाव दूर रखने के लिए 18 सरकारी स्कूलों में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा कोआर्डिनेटर संजीव सिंगला ने कहा कि परीक्षा के समय में छात्र मानसिक तनाव के कारण पेपर को बोझ समझते हैं जबकि परीक्षा को गंभीर चुनौती समझने की बजाए तनाव के बिना जीवन का लक्ष्य तय करने वाली आसान प्रक्रिया को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपना लक्ष्य तय कर काम करेंगे तो हमें कोई परेशानी नहीं होगी। इस मौके सिंगला, अनिल गुप्ता ने कहा कि सीनियर कोआर्डिनेटर अशोक शिक्षा ही विकास, जमीर, नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी, सद्भावना के महत्व को जीवन में धारण करवाती है क्योंकि पढ़े लिखे लोग अच्छे समाज के निर्माण व सामाजिक समस्याओं को हल करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शांत मन के साथ पढ़ाई करने की बजाए फेल होने के डर कारण खुदकुशी का रास्ता चुनने वाले सामाजिक कलंक बनते हैं। इस मौके डॉ. वरिंदर जैन ने सेहत-दिमाग को तंदुरुस्त रखने के लिए परीक्षा की तैयारी दौरान पौष्टिक आहार की आदत अपनाने की सलाह दी। इस मौके धार्मिक कोआर्डिनेटर सौरभ शर्मा व अवतार सिंह ने बताया कि डाबर इंडिया के सहयोग से सरकारी स्कूलों में बच्चों को 8 लाख रुपए का जूस भेंट किया गया।



मालेरकोटला में स्कूल के बच्चों को जूस की बोतलें वितरित करते सेवा ट्रस्ट के सदस्य।

सेवा ट्रस्ट यू.के. ने विद्यार्थियों को गुड-टच और बैड-टच के प्रति किया जागरूक

अम्बाला, 17 फरवरी (बलराम): अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके, भारत ने वूमैन सोशल वैलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर प्राथमिक राजकीय विद्यालय सैंट्रल जेल, अम्बाला शहर में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वूमैन सोशल वैलफेयर एसोसिएशन की प्रधान वीना ढल ने सभी बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया।



बच्चों को रियल जूस गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप देकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए संस्था के सदस्य।



बच्चों को रियल जूस वितरित करने से पूर्व उपस्थित संस्था के सदस्य।

सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला को-आर्डिनेटर वागीश शर्मा ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाजसेवा की भावना, सामाजिक न्याय, और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है।

उन्होंने बताया कि संस्था ने कोरोना काल के संकट काल से की गई सेवा योजना का क्रम निरंतर जारी रखते हुए जरूरतमंदों को स्वास्थ्यवर्धक एवं दैनिक जीवनोपयोगी विभिन्न प्रकार की सामग्री वितरित कर उनके स्वास्थ्य एवं जीवन को सरल, सुगम व सशक्त बनाने का प्रयास जारी रखा है।

सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से बच्चों को रियल जूस गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर राकेश वोहरा, ललित, हर्षित चावला, आदित्य जैन, सरला सैनी, प्राची और वीणा चड्ढा आदि उपस्थित रहे।

मोबाइल का ज्यादा उपयोग नेत्र रोग, सिरदर्द, नींद न आने का कारण

स्कूली बच्चों को मोबाइल की लाभ व दुष्प्रभाव बताए

रोहतक, 5 मार्च (मैनपाल): स्वच्छ भारत स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया और इंडैप्थ विजन फाऊंडेशन द्वारा गोल्डन वैली सीनियर सैकेंडरी स्कूल छारा में विद्यार्थियों को मोबाइल की उपयोगिता तथा इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इस अवसर पर 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में छारा के पंचायत सदस्य अनिल दलाल तथा समाज सेवी प्रदीप दलाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अनिल ने बताया कि मोबाइल एक ऐसा डिवाइस है जो व्यक्ति को कई प्रकार से सहायता प्रदान करता है जैसे तुरंत अपने परिवार से संपर्क करना, किसी को ईमेल या संदेश भेजना, नैट बैंकिंग के माध्यम से पैसे भेजना, यात्रा हेतु रेल, बस और हवाई जहाज की टिकट बुक करना तथा पढ़ाई से संबंधित जानकारियां आदि।



बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव से अवगत करवाते हुए मुख्य वक्ता।

प्रदीप ने सभी को बताया कि मोबाइल को जरूरत के अनुसार ही उपयोग करें। मोबाइल ज्यादा उपयोग करने से नेत्र रोग, सिरदर्द, नींद न आना, तनाव, चिड़चिड़ापन, मोटापे के साथ एकाग्र शक्ति कमजोर हो जाती है।

संस्था सेवा ट्रस्ट से पूनम देशवाल ने बताया कि मोबाइल में पासवर्ड जरूर लगाएं, किसी भी अनजान लिंक को न खोलें तथा किसी को अपना ओ.टी.पी. न बताएं। उन्होंने सभी बच्चों को अपनी संस्था की को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की।

FELICITATION CAMPS

पंजाब केसरी
FRI,02 JUNE 2023
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

सेवा ट्रस्ट यू.के. ने बोर्ड की परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा को किया सम्मानित



पायल को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी। (त्यागी)

सोनीपत, 1 जून (त्यागी): सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा वीरवार को गांव छतेहरा की बेटी पायल को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में राई हलके में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। संस्था के प्रतिनिधि विनोद भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सेवा ट्रस्ट के जिला प्रमुख सुरेश शर्मा ने कहा कि यह संस्था समाज में शिक्षा, रक्तदान, स्वास्थ्य और करियर काऊंसलिंग जैसे कार्यों में सदैव तत्पर रहती है। छतेहरा गांव में सुनील शर्मा उर्फ सीले की बेटी पायल ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक लेकर राई हलके का नाम रोशन किया है।

पायल शर्मा ने कहा कि वह मनोचिकित्सक बनना चाहती है। उनका कहना है कि विद्यार्थी शरीर से तो स्वस्थ दिखाई देता है, लेकिन 50 प्रतिशत विद्यार्थी मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। इसलिए वह मनोचिकित्सक बनकर विद्यार्थियों के लिए काम करेगी। इस दौरान संस्था की को-स्पांसर डाबर इंडिया की तरफ से सभी को जूस की बोतलें भेंट की गईं। इस मौके पर सरपंच रविंद्र सिंह, राकेश पांडे, अक्षित वशिष्ठ, ज्योति, वर्षा व प्रवीन वत्स मौजूद थे।

पंजाब केसरी
FRI,25 AUGUST 2023
EDITION: SANGRUR KESARI, PAGE NO. 3

शुक्रवार FRIDAY 25 अगस्त 2023 — संगरूर-बरनाला केसरी

अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की 42वीं पुण्यतिथि के तहत 501 ग्रामीण विद्यार्थीगणों का सम्मान

डाबर इम्यूनिटी बूस्टर-राखिया-पौधे भेंटकर पढ़ाई प्रति प्रोत्साहन बढ़ाया



विभिन्न स्थलों पर सेवा प्रकल्प करते मैंबर। (वरिन्द्र)

मालेरकोटला, 24 अगस्त (वरिन्द्र/जहूर): पंजाब केसरी समूह के संस्थापक अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की 42वीं पुण्यतिथि पर प्रधान सम्पादक श्री विजय चोपड़ा के सान्निध्य में संयुक्त प्रबंधक निदेशक श्री अविनाश चोपड़ा, अमित चोपड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधि वरिन्द्र जैन ने विशेष प्रयासों से 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ तथा हंसती बेटियां-खुशहाल समाज' तहत ग्रामीण स्कूलों की 501 विद्यार्थीगण को सम्मानित करवाया।

वहीं 26 अगस्त को बरनाला, 27 को मालेरकोटला-अमरगढ़, 9 सितंबर को अबाला-कुरुक्षेत्र, कैथल-पानीपत-सोनीपत-रोहतक आदि के रक्त शिविरों में खूनदानियों को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट से नवाजा जाएगा तथा जूस-चाकलेट दूध का भंडारा लगेगा। इसी तरह 3 सितंबर को पटियाला, 9 को धुरी के कैंपों में रक्तदानियों को डाबर मैंगो जूस भेंट होगा तथा जूस का लंगर चलेगा।

जिसमें सेवा ट्रस्ट यूके. (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल, जोनल हैड डा. वरिन्द्र जैन, राज्य को-ऑर्डीनेटर अजय गर्ग, शिक्षा को-ऑर्डीनेटर सजीव सिंगला, सीनियर को-ऑर्डीनेटर अशोक सिंगला, अनिल गुप्ता, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, गौरव जैन, रोहित शर्मा के नेतृत्व में को-स्पांसर डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव गवारा में प्रिं. मनजीत सिंह के माध्यम से 136 लड़कियां, सरकारी प्राइमरी स्कूल गवारा में प्रिं. मनदीप कुमार के सहयोग से 79 बच्चों, सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल खानपुर में प्रिं. सुधीर कुमार के सहयोग से 115 बच्चों, सरकारी प्राइमरी स्कूल बालेबाल में हैड टीचर नीलम सिंगला के सहयोग से 36 बच्चों, सरकारी प्राइमरी स्कूल फलोड खुर्द में हैड टीचर ममता वर्मा के सहयोग से 61 बच्चों, सरकारी प्राइमरी स्कूल भोगीवाल में हैड टीचर जसप्रीत कौर के सहयोग से 74 बच्चों को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर भेंट करवाई हैं।

जिसमें सवा लीटर आम जूस, बीटा चाकलेट दूध पाऊडर, नारियल-एलोविरा-नींबू मिक्स रस, बबूल पेस्ट, ब्रश, रंग, मैंगों जूस, हाजमोला आदि से संबंधित अढ़ाई लाख रुपए के प्रोडक्ट नि:शुल्क देकर अच्छी पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया, वही विश्व शक्ति पाइप के एम.डी. अशोक सिंगला, कपिल सिंगला ने 101 छायादार-फलदार पौधे भी स्कूलों में लगाए तथा बच्चियों को मनमोहक राखियां वितरित करके त्यौहारों को उत्साह से मनाने बारे समझाया।



पौधे लगाते मैंबर। (वरिन्द्र)

जिंदगी से असंभव शब्द निकाले : डा. वरिन्द्र जैन ने कहा कि न स्वर्ग-न पुर्नजन्म की इच्छा है बल्कि सिर्फ दूसरों के जख्मों पर मलहम लगाना ही प्रमुख उद्देश्य है। इसलिए युवा वर्ग जिंदगी से 'असंभव' शब्द को निकाल कर 'संभव' शब्द को प्रयोग करे तथा प्रत्येक हर व्यक्ति मानवता की शान्ति, समता हेतु एक समान उत्तरदायित्व निभाए।

विद्यार्थी ही भारत भाग्य विधाता : अजय कुमार गर्ग, सजीव सिंगला ने कहा झुंगी झोपड़ी प्रवासी, सरकारी अदारो, ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ते बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है बल्कि कुशल शिक्षक, जनमानस, सृजनशीलता से बच्चों के सुनहरी भविष्य, सर्वगुण विकास हेतु पाठन लेखन सामग्री, स्किल डिवैल्पमैंट, आर्थिक मदद ही भारत का कुशल भाग्य विधाता बनाती है।

देश-समाज की सेवा अहम : नरेश मित्तल ने कहा कि इंसान का 'मन' जब भी 'प्रभु भक्ति-सबकी मदद' हेतु कार्य करता है तो जीवन में आनन्द-सुखों का निवास रहता है इसलिए आपसी प्यार से देश, समाज की सेवा को अहम बनाए।

पंजाब केसरी ही प्रेरणा बिन्दु : अशोक सिंगला ने कहा कि चोपड़ा परिवार ने हर समय देश-समाज सेवा हेतु डट कर खड़े रहना सिखाया है तथा पंजाब केसरी ही जीवन में प्रेरणा का प्रमुख बिन्दु है। क्योंकि अमर शहीद स्व. लाला श्री जगत नारायण जी, आदरणीय श्री विजय चोपड़ा के प्रोत्साहन पंथ से ही 'समाज सेवा-सबसे पहले' अहम अंग बना है।

The district education department honored 140 winners of inter-district games.

HUSSAIN SHEIKH



Malerkotla, January 30 () District Education Department (Secondary Education) Sports Branch organized a grand felicitation ceremony at Sita Grammar School to felicitate the winners of Inter District School Games 2023-24 who performed well in various sports. . In which the guidance of Madam Jaswinder Kaur (D.E.O. Secondary), Mohammad Khalil (D.E.O.Elementary) and Raghunandan (D.M. Sports), Sanjeev Singla (D.M. Mathematics) 140 players who won the first, second, third place were honored with certificates by the coaches and Charan Kanwal Sekhon, founder of Seva Trust UK (India), with the inspiration of India Chairman Naresh Mittal, Zone Head Dr. Varinder Jain, State Coordinator Ajay Garg, Education Coordinator Sajiv Singla, Senior Coordinator Ashok Singla-Anil Gupta, Religious Coordinator Saurabh Sharma-Avtar Singh with the support of co-sponsor Dabur India Limited presented Dabur Immunity Booster Kit (Kesar Thadai) worth Rs.1.5 lakh to the winners and guests. bottle, 5 real juices, multiface spray) presented. On this occasion Rotary Club Dynamic President Sugandha Sood, General Secretary Shalu Gupta, Finance Secretary Tanvi Chopra Guest of Honour, Sudhir Kumar (Principal Khanpur), Zahid Safiq (B.N. Malerkotla-1), Mohammad Asghar (B.N. O.Malerkotla-2), Mohammad Imran (BNO Ahmedgarh), Jasbir Kaur (Principal Sita Grammar) attended as special guests and encouraged the players and Rajan Singla conducted the stage and spoke about the talent of the players. Explained in detail. On this occasion, DEO Jaswinder Kaur Muhammad Khalil said that by taking interest in sports along with education, the body and mind remain healthy and good sportsmen can remove evils from the society by maintaining discipline, moral values historical heritage through their skills remove He honored the officials of Seva Trust UK (India), Rotary Club Dynamic by giving saplings for their full cooperation and presented certificates and chappals to dozens of teachers for efficient working system.

सेवा ट्रस्ट यूके की तरफ से 150 से अधिक बच्चों को किया गया सम्मानित



दबखेड़ी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। ● सौजन्य : ट्रस्ट

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की ओर से दबखेड़ी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय दबखेड़ी में 150 से अधिक बच्चों को डाबर रियल जूस देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्य शिक्षक संजय शर्मा ने की। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल और सुमंत सैनी ने कहा कि आज देश के महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती है। जिन्होंने सबसे पहले भारत देश में महिलाओं में शिक्षा की अलख जगाई थी। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, नारी शिक्षा और समानता के अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले ही थे। पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट समाज में शिक्षा, रक्तदान, स्वास्थ्य और करियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर रहता है।

सेवा ट्रस्ट से राजेश सैन और दिलबाग सिंह सोथा ने बताया कि ट्रस्ट समाज के महापुरुषों की जयंती पर रियल जूस का भंडारा लगाती है और सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले होनहार बच्चों को सम्मानित करने का कार्य करती है।

सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित



कैलाश कालोनी में सफाई कर्मचारी को सम्मानित करते हुए ● सौजन्य संस्था

वि, सोनीपत : सेवा ट्रस्ट यू के (इंडिया) द्वारा शनिवार को कैलाश कालोनी शिव मंदिर में परशुराम जन्मोत्सव पर सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें संगठन की तरफ से सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। संस्था के जिला कोर्डिनेटर प्रवीन वत्स ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वत्स ने बताया कि सफाई कर्मचारियों ने कोरोना संक्रमण फैलने पर आगे आकर कार्य किया था। संस्था के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि साफ-सफाई मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती है, क्योंकि यह उसकी सेहत से जुड़ी होती है। मनुष्य को अपने शरीर का ही नहीं, अपितु घर और आसपास क्षेत्र में भी सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर सचिन सैनी, अमित, ज्योति, वर्षा, आदि उपस्थित रहे।

DIVYANG CAMPS

पंजाब केसरी
FRI,14 JULY 2023
EDITION: SANGRUR KESARI, PAGE NO. 3



विद्यार्थियों को सामान भेंट करते मैंबर। *(वरिन्द्र)*

नेत्रहीन विद्यार्थियों को ह्यूमैनिटी बूस्ट किटें की भेंट

मालेरकोटला, 13 जुलाई (वरिन्द्र/जहूर): समाजसेवा के पथ पर अग्रणी सेवा ट्रस्ट यूके. (भारत) ने संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों, इंडिया चेयरमैन नरेश मित्तल, जोनल हैड डा. वरिन्द्र जैन ने सान्निध्य में को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान तहत नेत्रहीन स्कूल में मानवीय सेवा प्रकल्प करवाया, जिसमें विशेष अतिथि सीनियर को-ऑडिनेटर अशोक सिंगला (एम.डी. विश्व शक्ति पाइप) ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से इंसान में कर्तव्य भावना बढ़ती है।

इस मौके विद्यालय सचिव जे.एस. ठाकुर ने डा. जैन के नि:स्वार्थ सहायता कार्य की सरहाना करते कहा कि जीवन में स्वयं संघर्ष-दुखों का सामना करने वाले इंसान को दूसरों के दर्द का एहसास बहुत जल्दी होता है जो हृदय भाव से हमदर्दी वाला व्यवहार पैदा करता है।

इस मौके पंजाब कोडिनेटर अजय कुमार गर्ग, शिक्षा कोडिनेटर संजीव सिंगला के नेतृत्व में सीनियर सदस्य अनिल गुप्ता, गगन गोयल, अंकित जैन, गौरव जैन, सौरभ शर्मा, साहिल जिंदल, रोहित शर्मा, हेमंत जैन, सुधीर जैन, राजू शर्मा, मुहम्मद नजीर शादी ने अंध विद्यालय के बच्चों व स्टाफ को ह्युमिनिटी बूस्ट आयुष-64 दवाई की 1 शीशी, नींबू रस की 2 शीशी, टूथब्रश के 2 पीस, बबूल पेस्ट 2 पीस, रेड पेस्ट 4 पीस, हाजमोला शीशी 1 पीस, तुलसी शहद 1 शीशी, शैम्पू 1 पीस आदि के तीस हजार रुपए के प्रोडक्ट युक्त पैकेट नि:शुल्क भेंट किए।

पंजाब केसरी
TUE,23 MAY 2023
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

महाराणा प्रताप जयंती पर असहाय एवं दिव्यांग बच्चों को वितरित किए इम्युनिटी बूस्टर

सोनीपत, 22 मई (ब्यूरो): स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत एस.टी. टैंरेसा इंक्लूसिव स्कूल कॉलेज आफ स्पैशल एजुकेशन में रह रहे अनाथ व दिव्यांग बच्चों को महाराणा प्रताप की जयंती पर सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) द्वारा इम्युनिटी बूस्टर वितरित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था से ज्योति दहिया ने की। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप की वीरता और बलिदान के लिए हर साल उनकी जन्म जयंती और पुण्यतिथि मनाई जाती है।



बच्चों को इम्युनिटी बूस्टर वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

उन्होंने कई युद्ध लड़े और जीते। महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा में ऐसी कई कहानियां प्रसिद्ध हैं, जो गर्व से भर देती हैं। उनके पराक्रम और वीरता की चर्चा प्रेरणा देते हैं।

संस्था के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, स्कूल चेयरमैन अमित आर्य ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर साहिल, रितु, कुसुम, वर्षा, ज्योति, अक्षित, प्रवीन वत्स आदि मौजूद रहे।

OLD AGE CARE EVENTS

ਸੰਗਰੂਰ ਬਾਣੀ ਈ-ਪੇਪਰ
TUE,06 FEBRUARY 2024
EDITION: SANGRUR BANI, PAGE NO. 4

ਬਿਰਧ ਆਸ਼ਰਮ ਤੇ ਸਕੂਲਾਂ 'ਚ 2 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਡਾਬਰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟ ਵੰਡੀ

ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ, 5 ਫਰਵਰੀ (ਵਰਿੰਦਰ)- ਸਮਾਜ 'ਚ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਪ੍ਰਤੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨੂੰ ਨਿਭਾਉਣ, ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਸਿੱਖਿਆ ਪ੍ਰਤੀ ਉਤਸਾਹਿਤ ਕਰਨ ਦੇ ਮੰਤਵ ਨਾਲ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ. ਕੇ. (ਇੰਡੀਆ) ਦੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਐੱਨ.ਆਰ.ਆਈ. ਚਰਨ ਕੰਵਲ ਸੋਢੀ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਸੰਸਥਾ ਦੇ ਕੌਮੀ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਗਰੁੱਪ ਸੰਸਥਾਪਕ ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਰਾਇਣ ਦੇ ਦਰਸਾਏ ਮਾਰਗ 'ਤੇ ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ ਵਿਜੇ ਚੋਪੜਾ ਜੀ ਦੀ ਪਤਨੀ ਅਤੇ ਜੁਆਇੰਟ ਮੈਨੇਜਿੰਗ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਅਵਿਨਾਸ਼ ਚੋਪੜਾ ਤੇ ਅਮਿਤ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਸਤਿਕਾਰਯੋਗ ਮਾਤਾ ਸਵਦੇਸ਼ ਚੋਪੜਾ ਜੀ ਦੀ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਸਦਕਾ ਸਕੂਲਾਂ ਤੇ ਬਿਰਧ ਆਸ਼ਰਮ 'ਚ ਆਪਸੀ ਪਿਆਰ ਦੀ ਸਾਂਝ ਨੂੰ ਦਰਸਾਉਂਦਾ ਸਦਭਾਵਨਾ ਦਿਵਸ ਮਨਾਇਆ।

ਜਿਸ 'ਚ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਭਾਰਤੀ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤੀ, ਪ੍ਰੰਪਰਾਵਾਂ ਤੇ ਧਾਰਮਿਕਤਾ ਨਾਲ ਜੋੜਨ ਲਈ ਜ਼ੋਨ ਹੈੱਡ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ, ਸਟੇਟ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਜੈ ਗਰਗ, ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸੰਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ, ਸੀਨੀਅਰ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ, ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ, ਧਾਰਮਿਕ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸੌਰਭ ਸ਼ਰਮਾ ਤੇ ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ ਵੱਲੋਂ ਸਵ. ਰੋਹਨ ਮਿੱਤਲ ਦੀ ਯਾਦ 'ਚ ਸਹਿ-ਪ੍ਰਯੋਜਕ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਟਿਡ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 'ਤੰਦਰੁਸਤ ਭਾਰਤ-ਸਿਹਤਮੰਦ ਭਾਈਚਾਰਾ' ਮੁਹਿੰਮ ਤਹਿਤ ਸਰਕਾਰੀ ਸਕੂਲ ਕਿਲਾਂ ਵਿਖੇ 285 ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਜੂਸ ਦੀਆਂ ਬੋਤਲਾਂ, ਬਿਰਧ ਆਸ਼ਰਮ ਨੌਧਰਾਨੀ ਵਿਖੇ 30 ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ, ਸ਼ਿਸ਼ੂ ਵਾਟਿਕਾ ਸਕੂਲ 'ਚ 35 ਸਟਾਫ਼, ਸਲੱਮ ਏਈਆ 'ਚ 200 ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਕਰੀਬ 2 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਕੀਮਤ ਦੀ ਡਾਬਰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟਾਂ ਭੇਟ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ ਤੇ ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਜੀਵਨ 'ਚ ਵੱਡਿਆਂ ਵੱਲੋਂ ਦਿਖਾਏ ਮਾਰਗ 'ਤੇ ਚੱਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦਾ ਸਤਿਕਾਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਸੁਆਰਥ 'ਚ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੂੰ ਘਰੋਂ ਕੱਢ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਸਾਂਝੇ ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਨੂੰ ਤੋੜ ਕੇ ਇਕੱਲੇ ਪਰਿਵਾਰ ਪ੍ਰਣਾਲੀ ਤਹਿਤ ਬਿਰਧ ਆਸ਼ਰਮ 'ਚ ਛੱਡ ਦਿੰਦੇ ਹਨ, ਅਜਿਹੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰੱਬ ਦੇ ਦਰਬਾਰ 'ਚ ਤਾਂ ਕੀ ਦੁਨੀਆ 'ਚ ਵੀ ਇੱਜ਼ਤ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ ਹੈ।ਜਦਕਿ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾ ਸਵਰਗ ਦਾ ਰਸਤਾ ਖੋਲ੍ਹ ਦਿੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦੇ ਰੁਝੇਵਿਆਂ ਭਰੇ ਪਲਾਂ 'ਚੋਂ ਸਮਾਂ ਕੱਢ ਕੇ ਪਰਿਵਾਰਕ ਜੀਵਨ ਦੇ ਮਾੜੇ ਪ੍ਰਭਾਵਾਂ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਦੇ ਬੁਢਾਪੇ ਦੇ ਅੱਖੇ, ਦੁਖਦਾਈ ਤੇ ਅਸਹਿ ਪੀੜਾ 'ਚ ਜੀ ਰਹੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨਾਲ ਖੁਸ਼ੀ ਸਾਂਝਾ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ।

ਇਸ ਸਮੇਂ ਅਜੈ ਗਰਗ, ਸੰਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਤੇ ਸੌਰਭ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਦੇ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਸੇਵਾ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਇਕ-ਦੂਜੇ ਦੀ ਮਦਦ, ਸਾਰੇ ਧਰਮਾਂ 'ਚ ਆਪਸੀ ਪਿਆਰ ਦੀ ਸੋਚ ਨੂੰ ਵਧਾਉਂਦੇ ਹਨ, ਉਥੇ ਹੀ ਸ਼੍ਰੀ ਵਿਜੈ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਲਈ ਸਾਕਾਰਾਤਮਕ ਸੋਚ ਤਹਿਤ ਬਜ਼ੁਰਗ ਸਮਾਜ ਲਈ ਬੋਝ ਨਹੀਂ ਸਗੋਂ ਇਕ ਕੀਮਤੀ ਸੰਪੱਤੀ ਹਨ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਿਰਧ ਆਸ਼ਰਮਾਂ 'ਚ ਰੱਖਣ ਦੀ ਬਜਾਏ ਮੁੱਖ ਧਾਰਾ 'ਚ ਸ਼ਾਮਲ ਕਰੋ। ਕਿਉਂਕਿ ਬੁਢਾਪੇ 'ਚ ਮਾਤਾ-ਪਿਤਾ ਦੀ ਸੇਵਾ, ਹਰੇਕ ਇੱਛਾ ਪੂਰੀ ਕਰਨਾ ਹੀ ਬੱਚਿਆ ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਕੋਈ ਵੀ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦਾ ਆਸ਼ੀਰਵਾਦ ਲੈਣਾ ਸਾਡੀ ਪਰੰਪਰਾ ਰਹੀ ਹੈ।



ਸਕੂਲ ਅਤੇ ਬਿਰਧ ਆਸ਼ਰਮ 'ਚ ਕਿੱਟਾਂ ਵੰਡਣ ਉਪਰੰਤ ਟਰੱਸਟ ਦੇ ਮੈਂਬਰ। (ਵਰਿੰਦਰ)

रैडक्रास अम्बाला में बुजुर्गों को डाबर च्यवनप्राश बांटा



सवेरा न्यूज/सत्यवान कैत अंबाला, 9 जनवरी : स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) के द्वारा ओल्ड एज होम अम्बाला छावनी संचालित रेडक्रास अम्बाला में बुजुर्गों को डाबर च्यवनप्राश वितरित किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य सीए वागीश शर्मा ने बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि इस च्यवनप्राश को वितरित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस से मनोज सैनी और सेवा ट्रस्ट की तरफ सेस्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) के द्वारा ओल्ड एज होम अम्बाला छावनी संचालित रेडक्रास अम्बाला में बुजुर्गों को डाबर च्यवनप्राश वितरित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस से मनोज सैनी और सेवा ट्रस्ट की तरफ से सीए वागीश शर्मा आदित्य जैन मौजूद रहे।

सेवा ट्रस्ट यू.के.(इंडिया) ने प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाया बसंत पंचमी का त्यौहार



सेवा ट्रस्ट यू.के.(इंडिया) की टीम बसंत पंचमी अवसर पर प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ। (विनोद खुंगर)

कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी (विनोद खुंगर): अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के.(इंडिया) द्वारा प्रेरणा वृद्धाश्रम रहने वाले सभी बुजुर्गों के साथ बसंत पंचमी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से बुजुर्गों को डाबर गिफ्ट पैक वितरित किए गए। सेवा ट्रस्ट यू.के. के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने सबसे पहले मां सरस्वती की आराधना के पर्व बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यादायिनी मां सभी को जीवन में ज्ञान एवं मार्गदर्शन देकर कल्याण करती हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर खिलाड़ियों, जरूरतमंद बच्चों, अनाथालय, वृद्धाश्रम, ब्लड डोनेशन कैम्प एवं अन्य जरूरतमंद स्थानों पर इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर के समाज सेवा का कार्य कर रही है। हम हमेशा की तरह प्रेरणा वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की सेवा करते रहेंगे। सेवा ट्रस्ट के शाहाबाद कोआर्डिनेटर विजय पंघाल व पूजा सैनी ने ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेणु खुंगर ने सेवा ट्रस्ट टीम का धन्यवाद किया। इस मौके पर मास्टर रमेश गुप्ता, विक्की सैनी, समीर सैनी, तेजस मित्तल इत्यादि मौजूद रहे।

SLUM DWELLERS AID EVENTS

Sangrur Kesari
Mar 24, 2024 (IST)
पंजाब केसरी
संगरूर-बरनाला केसरी
www.punjabkesari.in

प्रवासी परिवारों-विद्यार्थियों हेतु बूस्टर वस्तुओं का लंगर लगाया

मालेरकोटला, 23 मार्च (वरिन्द्र): इंसान का 'मन' जब भी 'प्रभु भक्ति-सबकी मदद' हेतु कार्य करता है तो जीवन में आनन्द-सुखों का निवास रहता है तथा आपसी प्यार से देश, समाज की सेवा सबसे अहम है। क्योंकि इंसान द्वारा इंसान की सेवा से भगवान के दर्शन होते हैं तथा दूसरों के सुख हेतु कामना भगवान के प्रिय बनाती है वहीं मनुष्य जब प्रभु ध्यान-निस्वार्थ मानवी सेवा में 'लीन' होता है तो भगवान उसके देहाभिमान (दुख निवारण) को समाप्त करके 'परमार्थ' से जोड़ देते हैं।



सेवा प्रकल्प करते मैंबर। (वरिन्द्र)

यह विचार सेवा ट्रस्ट यूके. (भारत) के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों के सान्निध्य में राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने जोनल हैड डा. वरिन्द्र जैन के नेतृत्व में विभिन्न एरिया में बसते प्रवासी परिवारों व स्कूली छात्रों हेतु 3 लाख की बूस्टर वस्तुओं का लंगर लगाते कहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य एक स्वच्छ भोजन की भाति है जो हमें आंतरिक-बाहरी ढंग से पोषित करके उच्च व्यक्तित्व-ज्ञान देते हैं तथा संस्था हर वर्ग के परिवारों-छात्रों को आधुनिक शैक्षणिक-आर्थिक सहायता से जीवन स्तर को ऊंचा उठाने हेतु यत्नशील है।

इस मौके सिंगला ने कहा कि सामाजिक प्यार की भाषा में शब्द नहीं होते किंतु अंतर मन से सेवा करने से शब्द स्वयं स्फुरित हो जाते हैं तथा सबके हृदय में वास भगवान की वाणी संसार की असारता का अहसास कराती है। इसलिए मुक्ति हेतु संसार का आश्रय छोड़कर सबकी सेवा-प्रभू की भक्ति में लीन रहे। इस मौके गुप्ता ने अपील करते कहा कि गर्मी का मौसम प्रारम्भ हो रहा है इसलिए हमें घरों-कारखानों आदि की छतों पर बेजुबान पक्षियों के पीने हेतु पानी, दाने का प्रबंध करके प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना होगा तभी हम भी भविष्य में सुरक्षित रह सकते हैं।

इस मौके राज्य को-ऑडिनेटर अजय गर्ग, जिला को-ऑडिनेटर अशोक सिंगला (वातावरण संभाल प्रेमी), सीनियर को-ऑडिनेटर अनिल गुप्ता, शिक्षा को-ऑडिनेटर संजीव सिंगला, धार्मिक को-ऑडिनेटर सौरभ शर्मा, अवतार सिंह ने को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से 'भारत स्वस्थ-समुदाय स्वस्थ' अभियान तहत कई स्लम एरिया में बसते प्रवासी परिवारों को 1512 बोतल डाबर रियल जूस-गुलुकोस-आंवला आइल-आरेंज फाऊडर पाऊच सहित सरकारी हाई स्कूल जमालपुरा में 419 छात्रों को स्ट्रोबेरी शहद आदि की इम्युनिटी बूस्टर से संबंधित 3 लाख रुपए के प्रोडैक्ट भेंट किए हैं।



ਬੰਗਾ ਦੇ ਲੇਬਰ ਚੌਕ ਵਿਖੇ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਐਨਰਜੀ ਬੂਸਟਰ ਵੰਡਦੇ ਹੋਏ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂਕੇ ਇੰਡੀਆ ਦੇ ਅਹੁਦੇਦਾਰ।

ਲੇਬਰ ਚੌਕ 'ਚ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਵੰਡੇ ਐਨਰਜੀ ਬੂਸਟਰ

ਨਰਿੰਦਰ ਮਾਹੀ, ਬੰਗਾ

ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂਕੇ ਇੰਡੀਆ ਦੇ ਫਾਊਂਡਰ ਪ੍ਰਧਾਨ ਚਰਨ ਕੰਵਲ ਸਿੰਘ ਸੇਖੋਂ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਅਤੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪ੍ਰਧਾਨ (ਸ਼ਹੀਦ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਨਗਰ ਅਤੇ ਜਲੰਧਰ) ਸ਼ਮਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਗਰਚਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਸਰਗਰਮ ਮੈਂਬਰ ਬਖਸ਼ੀਸ਼ ਸਿੰਘ ਮਾਨ ਵੱਲੋਂ ਤੰਦਰੁਸਤ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਤੰਦਰੁਸਤ ਭਾਰਤ ਮਿਸ਼ਨ ਅਧੀਨ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਕੰਪਨੀ ਵੱਲੋਂ ਤਿਆਰ ਕੀਤੇ ਐਨਰਜੀ ਬੂਸਟਰ ਲੇਬਰ ਚੌਕ ਬੰਗਾ ਵਿਖੇ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਮੁਫ਼ਤ ਵੰਡੇ ਗਏ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਉਘੇ ਸਮਾਜ ਸੇਵਕ ਅਤੇ ਰੋਟਰੀ ਕਲੱਬ ਬੰਗਾ ਗਰੀਨ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਦਿਲਬਾਗ ਸਿੰਘ ਬਾਗੀ ਨੇ ਆਖਿਆ ਕਿ ਟਰੱਸਟ ਦਾ ਮੁੱਖ ਉਦੇਸ਼ ਲੋੜਵੰਦਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨਾ ਹੈ ਚਾਹੇ ਉਹ ਕਿਸੇ ਵੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਹੋਵੇ। ਵਿਸ਼ਵਕਰਮਾ ਕੰਪਿਊਟਰਜ਼ ਬੰਗਾ ਦੇ ਐੱਮਡੀ ਅਮਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਵੱਲੋਂ ਟਰੱਸਟ ਦੇ ਇਸ ਨੇਕ ਉਪਰਾਲੇ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਮਾਸਟਰ ਅਸ਼ੋਕ ਕੁਮਾਰ ਸ਼ਰਮਾ, ਜੀਵਨ ਦਾਸ ਕੌਸ਼ਲ, ਤਰਸੇਮ ਸਿੰਘ ਨੌਤਾ ਖਟਕੜ ਕਲਾਂ, ਬਲਿਹਾਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ ਆਦਿ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाया जरूरत का सामान

जागरण आपके साथ

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं बाढ़ से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी हो गई हैं। इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों की ओर से दैनिक जागरण के जागरण आपके साथ अभियान के साथ जुड़कर प्रभावित लोगों को जरूरत का हर सामान मुहैया करवाया जा रहा है।



दैनिक जागरण आपके साथ है अभियान के साथ जुड़कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को जरूरी सामान की किट भेंट करते सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला को-आर्डिनेटर पवन मित्तल। (बाएं से दूसरे)। ● जागरण

अभियान से जुड़े सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की ओर से वीरवार को लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें आयुष 64 टेबलेट, शैंपू, टूथ पेस्ट, टूथ ब्रश, मच्छरों से बचाव के लिए आलआउट, डाबर कंपनी कर रियल जूस और ओडोनिल की कीट तैयार भेंट की गई। इतना ही नहीं गांव बिशनगढ़ की कालोनी में 40 से ज्यादा परिवारों को यह किट बांटी गई। बाढ़ से प्रभावित लोगों ने आज के समय में इन चीजों से सबसे ज्यादा जरूरत थी। कई संस्थाओं की ओर से पिछले कई दिनों से उन्हें दूध, ब्रैड और बिस्किट सहित तैयार भोजन भी दिया जा रहा है। हालांकि टूथ ब्रश और पेस्ट से लेकर मच्छरों से बचाव के लिए आलआउट की उन्हें इन दिनों में सबसे ज्यादा जरूरी महसूस हो रही थी।

दैनिक जागरण के अभियान से जुड़े सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के पदाधिकारी जिला को-आर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में वीरवार को बिशनगढ़ कालोनी में पहुंचे। यहां लोगों की जरूरतों को देखते हुए उन्हें यह सामान प्रदान किया। संस्था के पदाधिकारियों ने लोगों के घर-घर जाकर प्रभावित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनकी जरूरतों की भी जानकारी ली। इसके साथ ही उन्हें हर संभव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। इससे बाढ़ के चलते परेशानी झेल रहे लोगों के चेहरों पर एक हल्की मुस्कान छा गई। उन्होंने कहा कि बाढ़ से उनके घरों में रखा सारा सामान नष्ट कर दिया है, इससे वह काफी मायूस हैं। लेकिन जब समाज के लोग उनके बीच पहुंच रहे हैं और हर तरह से सहयोग कर रहे हैं तो पूरे समाज को अपने साथ खड़ा देखकर उन्हें भी संबल मिलता है। इस मौके पर उनके साथ खंड थानेसर को-आर्डिनेटर राजेश सैन, दिलबाग सौंधा, सुमंत सैनी, पूजा सैनी, विक्की सैनी बिशनगढ व समीर मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
SAT,19 AUGUST 2023
EDITION: SANGRUR KESARI, PAGE NO. 2

दहेज नहीं बल्कि शिक्षा ही बेटियों की पूंजी है : मित्तल

310 छात्राओं व 700 स्लम परिवारों को डाबर इम्युनिटी बुस्टर किट्टें बांटी

मालेरकोटला, 18 अगस्त (वरिन्द्र): समाज में कन्याओं का सम्मान करने की परम्परा अति प्रेरणामय पंथ रहा है पर निरंतर कन्या भ्रूण हत्याओं से ममता-शक्ति की प्रतीक्रियाओं के अस्तित्व गहरे संकट में है।

जबकि बच्चियों को पढ़ा लिखा कर देश की उन्नति में अहम योगदान डालने तथा मानवता सेवा तहत छात्राओं की आर्थिक मदद से पुण्यों के भागीदार बन सकते है। इसलिए एकजुटता से 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ' मुहिम में 'हर कन्या की सहायता-खुशहाल समाज का आगाज' को जीवन का अहम अंग बनाए ताकि हर बेटी भी रब्ब से कहे कि अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो..।

यह विचार सेवा ट्रस्ट यूके. के संस्थापक चरन कंवल सेखों के सान्निध्य में इंडिया चेयरमैन नरेश मित्तल ने 'शिक्षा ही बेटियों की पूंजी है दहेज नहीं' प्रकल्प की सरहना करते कहे है।

